卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्नि जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 145 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦सोमवार ♦2 मार्च 2026 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# किसानों का फूटा गुस्सा, कलक्ट्रेट में हल्लाबोल

## बेमौसमी धान की अनुमति की मांग, विधायक पाण्डे ने दिया समर्थन





रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले गदरपुर क्षेत्र से आये दर्जनों किसानों ने कलैक्ट्रेट परिसर पहुंचकर प्रशासन द्वारा खेतों में ट्रेक्टर से धान की फसल रौंदने के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान गदरपुर के भाजपा विधायक अरविन्द पाण्डे ने भी उनके साथ आकर मांगों का समर्थन किया। किसानों का आरोप है कि उनका प्रतिनिधि मंडल पूर्व में कई बार प्रशासनिक अधिकारियों से इस सन्दर्भ में वार्ता कर चुका है परंतु कोई हल नहीं निकाला गया। उन्होंने कहा कि अनेकों बार ज्ञापन देने के पश्चात भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। हर बार किसानों को गुमराह किया गया। किसानों ने मौके पर पहुंचे एडीएम कौस्तुभ मिश्र को ज्ञापन सौंपा। एडीएम ने कहा कि यह कार्रवाई उच्च न्यायालय के निर्देश पर की जा रही है। न्यायालय के निर्देश का पालन करना सभी का दायित्व है। किसानों ने बताया 2024 के अन्त में पूर्व जिलाधिकारी एव मुख्य कृषि अधिकारी द्वारा ग्रीष्म कालीन धान पर प्रतिबन्ध लगाने से पूर्व 04 बैठके किसानो के साथ की गयी थी। जिसमें सहमति बनी थी कि सीलन वाली भूमि को पूर्णत: प्रतिबन्ध से बाहर रखा गया था। मक्का जिसकी नमी 25 प्रतिशत तक होगी कटौती करके खरीदा जायेगा। उत्तराखण्ड के (शेष पृष्ठ सात पर)

# डंपर से कुचलकर किशोर की मौत,विरोध में हंगामा और जाम

देहरादून (उद संवाददाता)। थाना रायपुर क्षेत्र के अंतर्गत रविवार रात मालदेवता के पास शेरकी गांव में एक अनियंत्रित डंपर ने 17 वर्षीय किशोर को कुचल दिया, जिससे किशोर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और स्थानीय लोगों ने देर रात मालदेवता रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। रायपुर पुलिस ने देर रात डंपर चालक को हिरासत में ले लिया है और अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।जानकारी के अनुसार, मालदेवता के शेरकी गांव निवासी 17 वर्षीय शिवांशु रविवार रात अपने घर के पास पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने उसे टक्कर मार दी और कुचलते हुए फरार हो गया। गंभीर चोटें आने से किशोर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय लोग इकट्ठा हो गए और शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन करने लगे। मौके पर पहुंची रायपुर पुलिस ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया।ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में अवैध खनन और तेज रफ्तार भारी (शेष पृष्ठ सात पर)

# पुलिस टीम पर हमले का वांछित मुठभेड़ में दबोचा

## पुलिस की गोली से घायल हुआ बदमाश, अवैध तमंचे और कारतूस के साथ गिरफ्तार



रुद्रपुर । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त एक्शन के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। आगामी होली पर्व के दृष्टिगत अवैध शराब व मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीम पर जानलेवा हमला करने वाले वांछित अभियुक्त नाजिम को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस और नगदी बरामद की गई है। प्राप्त विवरण के अनुसार, 01 मार्च 2026 को एएन टीएफ ऊधमसिंहनगर व एसओजी रुद्रपुर की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्र में सघन चेकिंग की जा रही थी। टीम द्वारा इन्द्रा चौक, मुख्य बाजार और डीडी चौक क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि सुभाष कॉलोनी में पूर्व में पुलिस टीम पर पथराव व जानलेवा हमला करने वाला तथा एनडी पीएस एक्ट में (शेष पृष्ठ सात पर)

# मंदिर के गेट के सामने मांस मिलने पर हंगामा

## सीसीटीवी से हुआ खुलासा,शांति व्यवस्था के लिए पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च




किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा में एमपी चौक के पास हनुमान मंदिर के गेट के सामने मांस के टुकड़े मिलने पर हिंदूवादी संगठनों ने जमकर हंगामा किया। पुलिस द्वारा घटना को तुरंत संज्ञान लेते हुए मौके पर फोर्स लगाकर स्थिति को नियंत्रित किया गया और विभिन्न स्थानों पर लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए, जिससे स्थिति साफ हुई। सीसीटीवी फुटेज में पाया गया कि एक कुत्ता कहीं से मांस खाकर आया था और मंदिर गेट के सामने उल्टी कर रहा था, जिसमें मांस के टुकड़े थे। शहर के धार्मिक स्थल के सामने रविवार रात को हुई इस घटना के बाद बवाल हो गया। सूचना फैलते ही कुछ संगठनों के (शेष पृष्ठ सात पर)

# सर्विस सेंटर और अस्पताल स्टाफ के टकराव के मामले में क्रॉस केस दर्ज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के किच्छा रोड क्षेत्र में सर्विस सेंटर स्वामी और अस्पताल स्टाफ के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मामले में दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली पुलिस को तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहले पक्ष में श्वेता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि एएस सर्विस सेंटर के मालिक, उनके बच्चे आसिफ और भाई ने उनके अस्पताल स्टाफ और स्वामी सचिन, उनकी बहन संगीता व पत्नी के साथ मारपीट की। आरोप है कि हमलावर 10-12 लड़के थे जो लाठियों से लैस होकर आए थे। इस दौरान श्वेता और संगीता को चोटें आईं। तहरीर में यह भी आरोप लगाया गया कि अस्पताल की कर्मचारी रजनी के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और पूर्व में भी बच्चों के साथ बदसलूकी की गई थी। वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से सुभाष कॉलोनी निवासी अब्दुल मजीद पुत्र करीम बख्श ने तहरीर देकर घटना का अलग विवरण पेश किया है। अब्दुल मजीद का कहना है कि उनकी किच्छा रोड पर गाड़ियों की रिपेयरिंग की दुकान है। आरोप है कि 28 फरवरी की रात करीब पौने दस बजे पड़ोसी सचिन मंडल ने उनके पुत्र आरिफ को फोन कर सूचना दी (शेष पृष्ठ सात पर)

# शक्तिफार्म में बहुगुणा का विरोधी खेमा चारों खाने चित्त

## नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित समर्थकों सहित भाजपा में शामिल

■ **नरेश जोशी**




रुद्रपुर । सितारगंज विधानसभा की राजनीति में अपनी मजबूत पकड़ रखने वाले धामी सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा शक्ति फार्म की सियासी बाजी को पलटने में कामयाब रहे। निकाय चुनाव में शक्ति फार्म से निर्दलीय चुनाव जीत कर आए सुमित मंडल सौरभ बहुगुणा के विरोधी खेमे में जाकर बैठ गए थे । निर्माणाधीन एक्वा पार्क का मामला हो या फिर प्रस्तावित आंचल फैक्ट्री का नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल सौरभ बहुगुणा के हर फैसले का विरोध करते देखे गए किंतु इधर होली के मौके पर शक्ति फार्म में एक जनसभा के दौरान सुमित मंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष कमल जिंदल सितारगंज नगर पालिका के अध्यक्ष सुखदेव सिंह सहित कई दिग्गज लोगों की मौजूदगी में आज भाजपा का दामन थाम लिया। लोग इसे सियासी मायने से भी देख रहे हैं। गौर तलब है कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव को अब 1 वर्ष से कम का समय रह गया है मौके की नजाकत को देखते हुए तमाम सियासी दल अपने पक्ष में गुणा भाग करने में लग गए हैं। बात सितारगंज विधानसभा की करें तो शक्ति फार्म सितारगंज विधानसभा चुनाव में अपनी निर्णायक भूमिका निभाता है कहां तो यहां तक जाता है कि शक्ति फार्म के समर्थन के बिना सितारगंज विधानसभा का चुनाव जीतना मुश्किल ही नहीं बल्कि नामुमकिन भी है। जब सुमित मंडल सौरभ बहुगुणा के हर फैसले का विरोध कर रहे थे तब तब सौरभ बहुगुणा का विरोधी खेमा सुमित मंडल के साथ खड़ा हो गया था अब सुमित मंडल के सौरभ बहुगुणा के पाले में आ जाने से विरोधी खेलने में आशाए की स्थिति देखी जा रही है माना जा रहा था कि शक्ति फार्म नगर पंचायत अध्यक्ष सुमित मंडल विधानसभा चुनाव में सौरभ बहुगुणा को प्रभावित कर सकते हैं। किंतु अब बाजी पलट गई आज स्वागत समारोह कार्यक्रम के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री विजय बहुगुणा सहित तमाम छोटे बड़े नेताओं ने सुमित मंडल के इस कदम की तारीफ की है । अगर सियासी मायने से इसे देखा जाए तो यह सौरभ बहुगुणा के विधानसभा चुनाव के लिए एक अच्छी पहल है।

# सीएम ने दिए पेंशन प्रकरणों के त्वरित निस्तारण के सख्त निर्देश

## मुख्यमंत्री धामी के वन-क्लिक से जारी हुई फरवरी 2026 की पेंशन किश्त

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि पेंशन प्रकरणों का निस्तारण पूर्ण तत्परता और समयबद्धता के साथ किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पेंशन योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक योग्य लाभार्थियों तक पहुँचाने के लिए व्यापक जनसंपर्क अभियान संचालित किया जाए और वंचित एवं कमजोर वर्गों को योजनाओं से जोड़ने के लिए नवाचार आधारित प्रभावी कार्ययोजना शीघ्र प्रस्तुत की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि "जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार" कार्यक्रम के अंतर्गत राज्यभर में आयोजित शिविरों का व्यापक सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है, जिसके परिणामस्वरूप पेंशनार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने इसे सरकार की संवेदनशील और प्रतिबद्ध कार्यशैली का प्रमाण बताते हुए निर्देश दिए कि दूरस्थ एवं पर्वतीय क्षेत्रों में ऐसे विशेष अभियान निरंतर जारी रखे जाएँ ताकि अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सामाजिक सुरक्षा का लाभ सुनिश्चित किया जा सके।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रविवार को मुख्यमंत्री आवास में समाज कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे।बैठक में मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के करकमलों द्वारा समाज कल्याण विभाग



की माह फरवरी 2026 की पेंशन किश्त का वन-क्लिक के माध्यम से सफलतापूर्वक भुगतान किया गया। इस अवसर पर कुल 9,57,651 लाभार्थियों को 14,191.61 लाख अर्थात 141 करोड़ 91 लाख 61 हजार की धनराशि वितरित की गई। यह राशि मासिक पेंशन के साथ-साथ एरियर भुगतान को भी सम्मिलित करती है, जिससे पात्र लाभार्थियों को समय पर आर्थिक संबल प्राप्त हुआ है।फरवरी माह में वृद्धावस्था पेंशन योजना के अंतर्गत 5,93,184 लाभार्थियों को प्रति माह 1500 की दर से 8897.76 लाख की धनराशि वितरित की गई, जबकि विधवा पेंशन योजना के तहत 2,31,593 लाभार्थियों को 1500 प्रतिमाह की दर से 3473.895 लाख का भुगतान किया गया। दिव्यांग पेंशन योजना में 87,477 लाभार्थियों को 1500 प्रतिमाह के अनुसार 1312.155 लाख की राशि हस्तांतरित की गई। किसान पेंशन योजना के अंतर्गत 27,638 लाभार्थियों को 1200 प्रतिमाह की दर से 331.656 लाख वितरित किए गए। परित्यक्ता पेंशन योजना में 8,096 लाभार्थियों को 1200 प्रतिमाह के अनुसार 97.24 लाख की राशि दी गई, जबकि भरण-पोषण अनुदान योजना के अंतर्गत 7,409 लाभार्थियों को 700 प्रतिमाह की दर से 51.86 लाख वितरित किए गए। तीलू रौतेली पेंशन योजना में 2,125 लाभार्थियों को 1200 प्रतिमाह के अनुसार 25.5 लाख की राशि प्रदान की गई तथा बौना पेंशन योजना के तहत 129 लाभार्थियों को 1200 प्रतिमाह की दर से 1.55 लाख की धनराशि हस्तांतरित की गई। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा योजनाएँ केवल आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि राज्य सरकार की संवेदनशीलता, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास के संकल्प की सशक्त अभिव्यक्ति हैं। सरकार का स्पष्ट लक्ष्य है कि समाज के कमजोर, वंचित और जरूरतमंद वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवनयापन हेतु निरंतर और प्रभावी आर्थिक संबल उपलब्ध कराया जाए। बैठक में सचिव श्रीधर बाबू अद्यांकी, अपर सचिव श्री संदीप तिवारी, श्री संजय सिंह टोलिया सहित समाज कल्याण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम ने की अमित शाह के हरिद्वार आगमन की तैयारियों की समीक्षा

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास में आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के आगामी सात मार्च को प्रस्तावित हरिद्वार भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध, सुव्यवस्थित और गरिमापूर्ण ढंग से सुनिश्चित की जाएं ताकि भ्रमण के दौरान सुरक्षा, यातायात, जनसुविधाओं तथा समन्वय से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें।मुख्यमंत्री




ने कहा कि हरिद्वार एक महत्वपूर्ण धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी है, इसलिए कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं और आम जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद रखने, यातायात प्रबंधन के लिए प्रभावी योजना बनाने, पार्किंग व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा संबंधित विभागों के मध्य बेहतर तालमेल बनाए रखने के निर्देश दिए। साथ ही कार्यक्रम स्थलों पर स्वच्छता, पेयजल, विद्युत आपूर्ति और स्वास्थ्य सेवाओं की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने को भी कहा गया।इस महत्वपूर्ण बैठक में गढ़वाल मंडल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय, जिलाधिकारी हरिद्वार मयूर दीक्षित, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, अपर सचिव बंशीधर तिवारी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कार्यक्रम की तैयारियों की प्रगति से अवगत कराया और विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

# यूके कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में सजी भव्य विज्ञान प्रदर्शनी, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। यूके कॉन्वेंट इंटर कॉलेज में सोमवार को एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी का सफल आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न वैज्ञानिक मॉडल एवं रचनात्मक परियोजनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीसी परगई रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध निदेशक केपी सिंह तथा प्रधानाचार्या उषा सिंह ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अंकुर गंगवार एवं सायरा खातून भी उपस्थित रहे। साथ ही शिक्षकगण कौशिक आनंद, बबलू कुमार, अभय अग्रवाल तथा चंदन कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, प्रबंध निदेशक एवं प्रधानाचार्या द्वारा रिबन काटकर तथा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडलों



की सराहना करते हुए भविष्य में और अधिक नवाचारी विज्ञान परियोजनाएं बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया। प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान किए गए तथा मुख्य अतिथि, प्रबंध निदेशक और प्रधानाचार्या द्वारा उन्हें ट्रॉफी एवं पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया गया। यह प्रदर्शनी विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं आत्मविश्वास विकसित करने में अत्यंत प्रेरणादायक रही। अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया।

# बड़ौदा आरसेटी में 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी हल्द्वानी नैनीताल द्वारा 10 दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन कुंवरपुर, गौलापार स्थित बड़ौदा आरसेटी परिसर में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रगतिशील किसान नरेंद्र सिंह मेहरा, बड़ौदा आरसेटी निदेशक अतुल कुमार पाण्डेय, प्रशिक्षक नरेन्द्र सिंह पिलख्वाल, एफएलसी काउंसलर सुरेश कुमार बिष्ट एवं मास्टर ट्रेनर हरीश सिंह सजवाण द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के 28 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जिसमें पुरुष और महिला दोनों शामिल हैं।मुख्य अतिथि नरेंद्र सिंह मेहरा ने प्रशिक्षुओंके साथ अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कृषि कार्य को वैज्ञानिक तथा प्राकृतिक तरीके से करके कम जोत में भी अत्यधिक उत्पादन किया जा सकता है। उन्होंने उत्तराखंड की मशरूम



गर्ल दिव्या रावत का उदाहरण देते हुए प्रशिक्षुओं को इस कार्यक्रम को पूरी तल्लीनता तथा अनुशासित होकर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के बाद मशरूम उत्पादन कार्य को अपनाकर अपना स्वरोजगार शुरू करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उपस्थित बड़ौदा आरसेटी निदेशक, मास्टर ट्रेनर, प्रशिक्षक एवं एफएलसी काउंसलर ने सभी प्रशिक्षुओं को सफलता के लिए प्रेरित किया तथा भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर निदेशक आरसेटी ने संस्थान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मार्च माह में संस्थान द्वारा सॉफ्ट टॉयज मेकिंग, पेपर कवर, लिफाफा, फाइल मेकिंग, ट्रेवल एवं टूरिस्ट गाइड तथा बांस और बेंत के उत्पाद बनाने जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया और प्रशिक्षण की रूपरेखा साझा की गई।

# प्रशिक्षण प्राप्त कर 21 युवाओं ने स्वरोजगार की दिशा में बढ़ाए कदम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी कुंवरपुर नैनीताल में 29 जनवरी 2026 से संचालित 30 दिवसीय रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशनिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हो गया। इस प्रशिक्षण में जनपद नैनीताल के 21 सदस्यों ने प्रतिभाग कर अपना प्रशिक्षण पूर्ण किया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि और प्रगतिशील किसान नरेंद्र सिंह मेहरा ने प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए इस कौशल को स्वरोजगार के रूप में अपनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि ग्राहक को अच्छी सर्विस देकर प्रतिभागी इस कार्य को अपनी आय के एक नए स्रोत के रूप में विकसित कर सकते हैं और सरकार व आरसेटी के उद्देश्यों को सफल बना सकते हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान मास्टर ट्रेनर जयवीर सिंह ने प्रशिक्षुओं को सैद्धांतिक और व्यावहारिक ज्ञान के साथ ही कोल्ड स्टोरेज यूनिट का भ्रमण कराकर



रेफ्रिजरेटर एवं एयर कंडीशनिंग प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही प्रतिभागियों को सफल उद्यमी के गुण, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच और विभिन्न खेलों के माध्यम से उद्यमशीलता के बारे में जागरूक किया गया तथा बैंकिंग संबंधित जानकारियां भी प्रदान की गईं। एनएआर की असेसमेंट टीम देहरादून के जीवन सिंह भंडारी एवं स्माइल खान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों का लिखित एवं मौखिक मूल्यांकन भी किया गया। संस्थान के निदेशक अतुल कुमार पांडे ने बताया कि प्रशिक्षण के पश्चात संस्थान अगले दो वर्षों तक प्रशिक्षणार्थियों से नियमित संपर्क बनाए रखेगा ताकि उन्हें निजी व्यवसाय व आय सृजन गतिविधियों में मार्गदर्शन मिल सके। उन्होंने मार्च माह में संस्थान द्वारा प्रस्तावित सॉफ्ट टॉयज मेकिंग, पेपर कवर, लिफाफा, फाइल मेकिंग, ट्रेवल एवं टूरिस्ट गाइड तथा बांस और बेंत के उत्पाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर प्रशिक्षक नरेंद्र सिंह पिलख्वाल एवं एफएलसी काउंसलर सुरेश बिष्ट ने सभी प्रशिक्षुओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं।

# वारुणी महोत्सव के लिए जयंत अध्यक्ष, तापस महासचिव

शक्तिफार्म( उद संवाददाता) ।मतुआ अनुयायियों के आराध्य श्री श्री हरिचांद ठाकुर की 215वीं जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले वारुणी गंगा स्नान महोत्सव के लिए कमेटी का गठन कर लिया गया है। गुरुग्राम स्थित हरि गुरुचांद धर्म मंदिर में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से जयंत मंडल को अध्यक्ष तथा तापस मिस्त्री को महासचिव मनोनीत किया गया। गठित समिति में रबीन खान को उपाध्यक्ष, जयंत विश्वास एवं कुशल गोलदार को कोषाध्यक्ष, हरीश दास को उपसचिव बनाया गया। वहीं बिजन राय, अमित बैरागी और मंजीत खान को ऑडिटर तथा दिलीप मिस्त्री व किरन बसु को संरक्षक की जिम्मेदारी सौंपी गई। अध्यक्ष जयंत मंडल ने बताया कि पांच दिवसीय वारुणी महोत्सव के तहत विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 16 मार्च को अधिवास के



साथ हरिनाम कीर्तन होगा। 17 मार्च को महावारुणी गंगा स्नान, भंडारा एवं 'जानोकीर फूलसज्जा' जात्रा नाटक का मंचन किया जाएगा। 18 मार्च को 'काजोल रेखा', 19 मार्च को 'सोतीर ओभीशापे पागला भोला' जात्रा नाटक तथा 20 मार्च को बाउल संगीत कार्यक्रम आयोजित होगा। बैठक में सुधांशु सिकदर, गोकुल विश्वास, श्रीकांत विश्वास, प्राण बढ़ई, जितेंद्र भुइया, सुकुमार मंडल, दीपक सरकार, आदि उपस्थित रहे।

# आरा मशीन में भीषण आग, लाखों का सामान राख

रामनगर (उद संवाददाता)। रामनगर के तेलीपुरा रोड स्थित एक आरा मशीन में रविवार की सुबह भीषण आग लग गई, जिससे लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही फायर सर्विस की टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। मौके पर देखा गया कि मोहम्मद उस्मान पुत्र अब्दुल माजिद, निवासी ग्राम चिलकिया, तेलीपुरा रोड, रामनगर की डे लाइट फर्नीचर नामक आरा मशीन परिसर में रखी लकड़ियों में भीषण आग लगी हुई थी। आग तेजी से फैल रही थी और आसपास रखी लकड़ियां व मशीनरी इसकी चपेट में आ चुकी थीं।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर यूनिट ने तुरंत मोटर फायर इंजन से पंपिंग शुरू की और होज पाइप लाइन बिछाकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। कड़ी मशक्कत के बाद दमकल कर्मियों ने आग को पूर्ण रूप से बुझा दिया और आसपास के क्षेत्र को सुरक्षित कर लिया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आग लगने से आरा मशीन के पास रखी भारी मात्रा में लकड़ियां और कुछ मशीनरी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है, संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्किट या अन्य तकनीकी कारणों से आग भड़की हो सकती है, जिसकी जांच की जा रही है। फायर अधिकारी पुष्कर सिंह नेगी ने बताया कि आग से लगभग दो लाख रुपये का नुकसान हुआ है, जबकि दमकल कर्मियों ने आठ लाख रुपये का सामान बचा लिया है। फायर सर्विस की तत्परता के चलते एक बड़ा हादसा टल गया। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन किया जा रहा है और आगे की कार्रवाई जारी है।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
05944-246817

## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना विवाह के बाद नाम राजविंदर कौर पुत्री श्री मोहन सिंह (RAJWINDER KAUR D/O MOHAN SINGH) से बदलकर अवनीत सन्धू पत्नी श्री दीदार सिंह सन्धू (AVNEET SANDHU W/O DIDAR SINGH SANDHU) रख लिया है। भविष्य में मुझे अवनीत सन्धू पत्नी श्री दीदार सिंह सन्धू (AVNEET SANDHU W/O DIDAR SINGH SANDHU)के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

**अवनीत सन्धू पत्नी श्री दीदार सिंह सन्धू,**
निवासी- ग्राम-गुरुनानकपुर, पोस्ट-आदर्श नगर,धनपुर, गदरपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

# बैठक में होली व रमजान पर्व आपसी सौहार्द से मनाने का आग्रह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होली पर्व के अवसर पर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के दृष्टिगत एक बैठक आयोजित की गई। बैठक मे विवेक राय अपर जिलाधिकारी, जगदीश चंद्रा पुलिस अधीक्षक, एपी बाजपेई सिटी मजिस्ट्रेट, प्रमोद कुमार उप जिलाधिकारी, अमित कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी, कुलदीप पांडे तहसीलदार हल्द्वानी, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, बनभूलपूरा, काठगोदाम, मुखानी, समस्त चौकी प्रभारी एवं उपनिरीक्षक उपस्थित रहे।बैठक में ग्राम प्रधानों, पार्षदों, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तथा शहर के संभ्रांत नागरिकों ने भी सहभागिता की। बैठक के दौरान सिंधी चौराहा, चौंफला चौराहा, ट्रांसपोर्ट नगर एवं अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों को संवेदनशील स्थानों के रूप में चिन्हित किया गया। इन क्षेत्रों में विशेष पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट की तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। प्रशासन एवं पुलिस द्वारा सभी नागरिकों से अपील की गई कि होली एवं रमजान के पर्व को आपसी सौहार्द, शांति एवं समरसता के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार के हुड़दंग, अवांछनीय गतिविधि अथवा कानून व्यवस्था भंग करने के प्रयास पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। होली के दौरान विभिन्न स्थानों पर पुलिस टीमों की तैनाती रहेगी। ओवरस्पीडिंग एवं ड्रंकन ड्राइविंग के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। हुड़दंग करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में पेयजल आपूर्ति के संबंध में सहायक अभियंता को निर्देशित किया गया कि अपराह्न 12 बजे से 3 बजे तक नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।सभी महत्वपूर्ण हुए स्थानों मे मजिस्ट्रेट ड्यूटी भी लगाई गयी है। शहरी क्षेत्र में सिटी मजिस्ट्रेट तथा ग्रामीण क्षेत्र में उप जिला मजिस्ट्रेट हल्द्वानी मजिस्ट्रेट के रूप मे पर्यवेक्षण करेंगे।प्रशासन एवं पुलिस द्वारा समस्त नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है, ताकि पर्व शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हो सके।



# पूर्वांचल समाज ने मनाया होली पर्व

गदरपुर। पूर्वांचल समिति द्वारा नगर के पब्लिक स्कूल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉक्टर मधुसूदन मिश्रा, समिति अध्यक्ष दिग्विजय प्रताप सिंह, पालिका अध्यक्ष मनोज कुमार और स्कूल के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने संयुक्त रूप से किया। रुद्रपुर से पहुंचे कलाकार चंद्र प्रकाश चौबे ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की इसके बाद भोजपुरी और हिंदी होली गीतों को गायन करके समा बांधा गया और एक दूसरे को गुलाल रंग लगाकर जमकर जश्न मनाया गया। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। वहां रामविलास शाह, सुरेंद्र प्रसाद, बृजेश दुबे, उमाशंकर सिंह, विनोद मौर्य, कमलेश कुमार ,अजीत कुमार, रमन छाबड़ा आदि थे।




**आवश्यकता है**

रूद्रपुर में ऑफिस में कॉलिग गर्ल्स, ड्राईवर व एक चपरासी की।

-सम्पर्क करें-

7055005311


# होली के उपलक्ष्य में कल सजेगा भव्य दरबार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। होली के उपलक्ष्य में गल्ला मण्डी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में विशेष दरबार सजाया जाएगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि होली के पावन पर्व के अवसर पर कल मंगलवार को रात साढ़े आठ बजे से बालाजी महाराज का भव्य दरबार मंदिर परिसर में सजाया जाएगा। इस विशेष आयोजन के दौरान बाबा के दिव्य दरबार के साथ ही फूलों की होली भी खेली जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी। इस दौरान भजन कीर्तन कर बाबा का गुणगान किया जायेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष गुलशन नारंग ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में दरबार में पहुंचकर पुण्य लाभ कमाने और इस भव्य उत्सव का हिस्सा बनने की अपील की है। कार्यक्रम को लेकर मंदिर समिति द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

# एनएमओपीएस की जिला कार्यकारिणी का हुआ विस्तार

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शिक्षक संघ भवन में रविवार को एनएमओपीएस की बैठक आयोजित की गई, जिसमें वक्ताओं ने पुरानी पेंशन योजना को पुन: लागू करने की पुरजोर मांग की। इस अवसर पर संगठन की जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए ब्लॉक स्तर पर नए पदों पर नियुक्तियां भी की गईं। संगठन के जिलाध्यक्ष डीपी सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कर्मचारी आज अपने अधिकारों के लिए चुप रहेंगे, तो सेवानिवृत्ति के बाद असुरक्षा ही उनकी नियति होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह केवल पेंशन की लड़ाई नहीं है, बल्कि कर्मचारियों के हक, सम्मान और संवैधानिक न्याय की लड़ाई है। बैठक के दौरान जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए यशपाल सिंह को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सत्यपाल को ब्लॉक उपाध्यक्ष बाजपुर, ज्योति रावत को संयोजक, हरि प्रसाद को जिला संयुक्त मंत्री और रामशरण को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। इसके अलावा कुन्ता देवी को सांस्कृतिक मंत्री, बबीता सत्यवती को ब्लॉक अध्यक्ष जसपुर, डॉ. पंकज अग्रवाल को ब्लॉक मंत्री जसपुर, विरेंद्र सिंह को ब्लॉक अध्यक्ष सितारगंज तथा विजय आर्य व रेखा सती को ब्लॉक मंत्री सितारगंज की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में सचिव दिनेश चौहान, बीएन बेलवाल, हरपाल सिंह, केसी विश्वकर्मा, हुकुम सिंह नयाल, बबीता सत्यवती, जमुना पटवाल, रेनू मौर्य, तरुण कुमार कालरा सहित अनेक शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया और संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया गया।



# जनजातीय महिलाओं के लिए प्रशिक्षण आयोजित

पंतनगर (उद संवाददाता)। कृषि संचार विभाग, कृषि महाविद्यालय, गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से वित्तपोषित जनजातीय उप योजना के अंतर्गत 27 और 28 फरवरी 2026 को उद्यानिकी एवं औषधीय पौधों की खेती को आजीविका संवर्धन हेतु प्रोत्साहन विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विकासखंड गदरपुर के ग्राम कुल्हा की अनुसूचित जनजाति की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में निदेशक संचार डॉ. जे. पी. जायसवाल मुख्य अतिथि रहे। विशिष्ट अतिथियों में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. ए. एस. जीना, सैमेटी प्रभारी डॉ. बी. डी. सिंह तथा प्रोफेसर डॉ. निर्मला भट्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन जनजातीय उप योजना की प्रधान अन्वेषक डॉ. अर्पिता शर्मा कंडपाल के निर्देशन में किया गया।अपने संबोधन में डॉ. जे. पी. जायसवाल ने कहा कि उद्यानिकी एवं औषधीय फसलों की खेती ग्रामीण क्षेत्रों में आय वृद्धि और स्वरोजगार का सशक्त माध्यम बन सकती है। डॉ. ए. एस. जीना ने महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को सामाजिक परिवर्तन की आधारशिला बताते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। डॉ. बी. डी. सिंह ने बाजार उन्मुख उत्पादन और वैज्ञानिक खेती की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. निर्मला भट्ट ने औषधीय पौधों की उपयोगिता, मूल्य संवर्धन एवं विपणन संभावनाओं की विस्तृत जानकारी दी। वहीं डॉ. अर्पिता शर्मा कंडपाल ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य जनजातीय महिलाओं को तकनीकी ज्ञान एवं व्यावहारिक कौशल प्रदान कर उनकी आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित करना है।प्रशिक्षण के दौरान सैद्धांतिक व्याख्यानों के साथ व्यावहारिक प्रदर्शन भी आयोजित किए गए, जिनमें नर्सरी प्रबंधन, पौधारोपण, जैविक खेती, कीट एवं रोग नियंत्रण तथा कटाई उपरांत प्रबंधन की जानकारी दी गई। समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने बताया कि प्रशिक्षण से उन्हें नई जानकारी एवं आत्मविश्वास प्राप्त हुआ है। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।



# केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग तेज

काशीपुर। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा व प्रदेश अध्यक्ष ज्योति रौतेला के आह्वान पर यहां महिला कांग्रेस कमेटी से जुड़ी कार्यकत्रियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शन के दौरान महिला कांग्रेस से जुड़ी कार्यत्रियों ने 'द पीएम आज कॉम्प्रोमाइजड' जैसे स्लोगन लिखकर हस्ताक्षर अभियान चलाए। महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष पूजा सिंह के नेतृत्व में संगठन से जुड़ी सैकड़ो कार्यत्रियां विरोध प्रदर्शन करते हुए आवास विकास से चलकर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को भाजपा की गलत नीतियों के प्रति जागरुक करते हुए केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी के इस्तीफे की मांग को और जोर-शोर से उठाने का आह्वान किया।




# काशीपुर में गुटबाजी का दंश झेल रही है कांग्रेस

काशीपुर कांग्रेस में गुटबाजी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एक मार्च को महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पूजा सिंह द्वारा केंद्रीय मंत्री के खिलाफ मोर्चा खोलने को लेकर एक आह्वान पर संगठन से जुड़ी सैकड़ो महिलाएं एकत्रित हो गई। महिला कांग्रेस कमेटी के इस कार्यक्रम में नवनियुक्त महानगर अध्यक्ष समेत कुछ जरूरी चेहरे गायब थे। संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने यदि समय रहते काशीपुर में एक जुटता को लेकर व्यवस्था में बदलाव नहीं किया तो 2027 के परिणाम पराजय को लेकर और भी गंभीर हो सकते हैं। काशीपुर में कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेताजी सिर्फ और सिर्फ विधायक की कुर्सी तक पहुंचने के लिए यानी कि 2027 में चुनाव लड़ने के लिए लालायित हैं। उन्हें जन समस्याओं से कोई सरोकार नहीं है।

# पांच मंदिर में महिला मंडल ने खेली फूलों की होली

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म सभा के संरक्षण में संचालित श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में महिला सत्संग मंडल द्वारा होली का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास और पारंपरिक गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक सत्संग के साथ हुआ, जिसमें महिलाओं ने भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। सत्संग के पश्चात मंदिर परिसर में महिलाओं ने एक-दूसरे को फूलों की वर्षा कर अनोखी होली खेली। फूलों के साथ खेली गई इस होली ने न केवल मंदिर परिसर को सुगंधित कर दिया, बल्कि समाज में प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश भी दिया। होली उत्सव के दौरान विशेष रूप से श्री कृष्ण एवं राधा रानी के होली प्रसंगों पर आधारित भजनों का गायन किया गया, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही, सीता-राम से संबंधित होली गीतों भक्ति रस की धारा प्रवाहित हुई। महिलाओं ने मधुर स्वरों में होली के पारंपरिक गीत गाए, जिन्हें सुनकर हर कोई भक्ति के रंग में रंग गया। कार्यक्रम के के माध्यम से अवध की परंपरागत होली की झलक प्रस्तुत की गई, जो अटूट दांपत्य और प्रेम का प्रतीक है। फूलों की वर्षा के बीच महिलाओं ने आनंदपूर्वक होली खेली और आपसी भाईचारे का संदेश दिया। इस भव्य उत्सव में महिला मंडल की अध्यक्षा शशि अरोड़ा, सीमा दुनेजा, पिंकी ग्रोवर, राजबर्मा, अंजु छाबड़ा, सुरेश मिड्ढा, मंदिर समिति के अध्यक्ष महेश बब्बर, महामंत्री ओमप्रकाश अरोरा, राकेश राजदेव, बंटी ग्रोवर, दीपक अरोरा, विजय विरमानी, डिम्पल अरोड़ा तथा शोभा मिड्ढा और आकांक्षा सहित अनेक महिलाएं और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। पूरा वातावरण भक्ति, उल्लास और पारस्परिक प्रेम से सराबोर रहा।



# पर्वतीय पत्रकार महासंघ की होली में मची धूम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पर्वतीय पत्रकार महासंघ उत्तराखंड द्वारा होली मिलन समारोह में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में वृंदावन की पारंपरिक होली की मनमोहक झलक ने सभी को भक्तिरस और उल्लास से सराबोर कर दिया। रंग, गुलाल और फूलों की होली तथा गीतों की मधुर स्वर लहरियों के बीच पूरा वातावरण उत्सवमय हो उठा। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व दर्जा राज्य मंत्री एवं राज्य आंदोलनकारी ललित जोशी तथा भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह-कोषाध्यक्ष साकेत अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने संगठन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन समाज और पत्रकारिता जगत के बीच आत्मीयता, संवाद और समन्वय को सुदृढ़ करते हैं।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश पाठक ने सभी अतिथियों एवं सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. दिनेश जोशी, डॉ. मदन मोहन पाठक, भावना पाठक, डॉ. पंकज उप्रेती, जिला सूचना अधिकारी गिरजा जोशी, नवीन पंत, ज्ञानेंद्र जोशी, संजय जोशी, अशोक गुलाटी, संजय पाठक, तारु तिवारी, धीरज उप्रेती, आनंद बत्रा, दीपक मनराल, डॉ. राजेंद्र क्वीरा, पूर्णिमा पाण्डेय, रुचि, सुरेंद्र मौर्य, अंकुर सक्सेना, गिरीश भट्ट आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में पारंपरिक फाग गायन और रंगों की बौछार के बीच सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।



# बसंतोत्सव का भव्य समापन,आईआईटी रुड़की ने जीती रनिंग ट्राफी

## वसंतोत्सव की विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने किया पुरस्कृत







देहरादून (उद संवाददाता)।लोक भवन देहरादून में तीन दिवसीय वसंतोत्सव का रविवार को समापन हो गया। वसंतोत्सव के इन तीन दिनों में बड़ी संख्या में लोगों ने पुष्पों के प्राकृतिक सौंदर्य और अन्य कार्यक्रमों का भरपूर आनंद लिया। वसंतोत्सव-2026 में इस वर्ष की चल वैजंती (रनिंग ट्राफी) आईआईटी रुड़की को मिली। इस वर्ष आईआईटी रुड़की ने 13 श्रेणियों में पुरस्कार जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं 04 श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त कर ओएनजीसी को दूसरा स्थान मिला। वसंतोत्सव में 15 श्रेणियों की 54 उप श्रेणियों में 161 पुरस्कार वितरित किये गये। राज्यपाल लेफ्टिनेट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पुष्प प्रदर्शनी प्रतियोगिताओं, रंगोली तथा बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिता, फोटो प्रतियोगिता आदि श्रेणियों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। वसंतोत्सव- 2026 में इस वर्ष पहली बार गवर्नर्स अवार्ड की शुरुआत की गई, जिसके अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों, महिला कृषकों तथा स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार कर रहे युवा कृषकों को सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित कृषकों की श्रेणी में बागेश्वर जनपद के दीपक गडिया को प्रथम, रुद्रप्रयाग जनपद के कपिल शर्मा को द्वितीय तथा पिथौरागढ़ जनपद के शुभम सिंह को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला कृषकों की श्रेणी में चंपावत जनपद की श्रीमती राधा राणा को प्रथम, अल्मोड़ा जनपद की श्रीमती कविता मेहरा को द्वितीय तथा पौड़ी गढ़वाल जनपद की श्रीमती शांति जुयाल को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। स्टार्टअप के माध्यम से नवाचार कर रहे अग्रणी युवा कृषकों की श्रेणी में टिहरी जनपद के देवेंद्र सिंह चौहान को प्रथम, नैनीताल जनपद के पंकज मेहता को द्वितीय तथा हरिद्वार जनपद के उज्ज्वल सैनी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। समापन समारोह में आईएमए और आईटीबीपी के पाइप बैंड के मधुर धुनों ने समापन समारोह को और आकर्षक बना दिया। उपस्थित दर्शकों ने जिसका पूरा आनंद लिया और पाइप बैंड की धुनों की सराहना की। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि इन तीन दिनों में लोक भवन में आई लगभग साढ़े तीन लाख जनता के चेहरे पर जो प्रसन्नता और संतोष दिखाई दिया, वही इस आयोजन की सबसे बड़ी सफलता है। राज्यपाल ने कहा कि वसंतोत्सव-2026 की मूल भावना यह रही कि फूलों के माध्यम से व्यक्ति के भीतर सकारात्मकता, संतुलन और रचनात्मकता का संचार हो। उन्होंने कहा कि शोध के आधार पर उद्यान विभाग द्वारा स्थापित स्टॉलों में यह प्रदर्शित किया गया कि किस प्रकार पुष्प मानव जीवन में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और आनंद का स्रोत बन सकते हैंराज्यपाल ने नवाचार को विकसित भारत 2047 की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण मंत्र बताते हुए कहा कि इस उत्सव में प्रत्येक स्टॉल और प्रस्तुति में नई सोच और रचनात्मकता दिखाई दी। उन्होंने 'रिद्मिक योगा', दिव्यांग बच्चों की योग प्रस्तुतियाँ एवं वुशु प्रदर्शन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉलों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड की नारी शक्ति आत्मनिर्भरता की दिशा में प्रेरणादायक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने संबोधन में कहा कि वसंतोत्सव केवल एक सांस्कृतिक आयोजन नहीं, बल्कि उत्तराखण्ड की प्राकृतिक संपदा, कृषि शक्ति और उभरती हरित अर्थव्यवस्था का उत्सव है। उन्होंने कहा कि वसंत ऋतु प्रकृति के श्रृंगार के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक प्रसन्नता का संदेश देती है। लोक भवन में सुसज्जित विविध पुष्पों की रंगत और सुगंध राज्य की समृद्ध जैव-विविधता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अनुशासन, राष्ट्रनिष्ठा और दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में राज्य निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है।मुख्यमंत्री ने कहा कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक नवाचार के समन्वय से स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार में विशिष्ट पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों, महिलाओं एवं युवाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए इसे आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड की दिशा में सशक्त कदम बताया।मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में राज्य में लगभग 656 हेक्टेयर क्षेत्र में व्यावसायिक पुष्प खेती की जा रही है, जो कम लागत में अधिक आय का सशक्त माध्यम बन रही है। राज्य सरकार द्वारा समग्र पुष्प नीति, मंडी शुल्क में छूट, विपणन सुविधा एवं मौनपालन अनुदान जैसी योजनाओं के माध्यम से किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगभग 1200 करोड़ रुपये की लागत से नई सेब नीति, कीवी नीति, स्टेट मिलेट मिशन एवं ड्रैगन फ्रूट नीति लागू की गई है। इन योजनाओं के अंतर्गत बागवानी को बढ़ावा देने हेतु 80 प्रतिशत तक सब्सिडी प्रदान की जा रही है। कार्यक्रम में कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजान दास, विधायक श्रीमती सविता कपूर, प्रथम महिला श्रीमती गुरमीत कौर, मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी, सचिव राज्यपाल रविनाथ रामन, विधि परामर्शी कौशल किशोर शुक्ल, सचिव उद्यान एस.एन. पाण्डेय, अपर सचिव राज्यपाल श्रीमती रीना जोशी, निदेशक उद्यान एस.एल. सेमवाल सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।





# चाणक्य लॉ कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली महोत्सव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान चाणक्य लॉ कॉलेज, रुद्रपुर में इस वर्ष होली का पर्व बड़े ही उत्साह और पारंपरिक रंगों के साथ मनाया गया। कॉलेज परिसर रंग गुलाल, संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सराबोर नजर आया। कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन एसपी सिंह एवं डायरेक्टर रवींद्र सिंह बिष्ट की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई, जिसके बाद छात्र छात्राओं ने होली गीतों पर समूह नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। पारंपरिक परिधानों में सजे विद्यार्थियों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।प्राचार्या डॉ. दीपाक्षी जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि होली केवल रंगों का नहीं, बल्कि आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का पर्व है। उन्होंने छात्रों को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को संजोए रखने की प्रेरणा भी दी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें डॉट, ऐपण और मेहंदी प्रतियोगिता शामिल रही। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता में रिया पांडे और तृषा चतुर्वेदी विजेता रहीं तथा मुस्कान उप विजेता रहीं। डॉट प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में सुरजीत विजेता तथा महेश मंडल उपविजेता रहे। बालिका वर्ग में सुरभि प्रज्ञा तथा कविता विजेता रहीं। इसके अलावा ऐपण प्रतियोगिता में खुशबू गुणवंत विजेता तथा गुंजन शर्मा उपविजेता रहीं।अंत में सभी ने मिलकर सामूहिक भोज का आनंद लिया। इस अवसर पर कॉलेज के सभी शिक्षकगण सलीम अहमद, अनिल कुमार, डॉ आयशा अमीन, डॉ हरकमल कौर, डॉ रवीना सुल्तान, प्रतिभा सिंह, मनप्रीत कौर, आकांक्षा रघुवंशी, सिद्धि अग्रवाल, वर्णिका वर्मा, कमलेश कुमार अवस्थी आदि उपस्थित रहे। पूरे आयोजन ने कॉलेज परिवार के बीच एकता और उत्साह का वातावरण बनाया तथा विद्यार्थियों के चेहरे रंगों और मुस्कान से खिले नजर आए।



# मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को होली की शुभकामनाएं

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी है। होली पर्व की पूर्व संध्या पर जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि होली रंग और उल्लास के त्योहार के साथ ही हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जाने वाला यह पर्व सामाजिक समरसता तथा एकता की भावना को भी सुदृढ़ बनाता है।मुख्यमंत्री ने कहा कि होली केवल रंगों का ही त्योहार नहीं है, बल्कि यह हमारी समृद्ध लोकसंस्कृति, शास्त्रीय संगीत परंपरा, आध्यात्मिक चेतना और सामाजिक समरसता की जीवंतता तथा हमारी सांस्कृतिक विरासत की अमूल्य धरोहर है।मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति का यह महत्वपूर्ण पर्व प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का भी संदेश देता है। यही नहीं होली के अवसर पर होने वाले विभिन्न आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ने के भी सशक्त माध्यम बनते हैं।होली का यह पर्व प्रदेश में समृद्धि और उन्नति के रंग लेकर हम सबके जीवन में और अधिक सुख-शांति के साथ सभी का जीवन सफलता के नये रंगों से रंगायमान हो इसकी भी मुख्यमंत्री ने भगवान बद्रीविशाल और बाबा केदार से कामना की है।



# समाज को संग्रह की नहीं बल्कि संस्कारों की आवश्यकता है: रोहित महाराज

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। शासन प्रभावक परम पूज्य गुरुदेव सुदर्शन लाल महाराज के सुशिष्य और प्रवचन प्रभावक गुरुदेव रोहित महाराज, सेवानिपुण रजत मुनि, नवदीक्षित हर्षित मुनि एवं नवदीक्षित संभव मुनि का मॉडल टाउन कॉलोनी में मंगलमय आगमन हुआ। इस पावन अवसर पर संघ शोभा महासाध्वी ज्योति, प्रवचन प्रभाविका महासाध्वी सुगंध महाराज एवं सुसाध्वी सियल श्री आदि ठाणे का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। सभा को संबोधित करते हुए गुरुदेव रोहित महाराज ने वर्तमान परिस्थितियों पर गहरा चिंतन व्यक्त करते हुए कहा कि आज का समाज भौतिकता की अंधी दौड़ में अपने संस्कारों को भूलता जा रहा है। हमने सुख सुविधाएं तो जुटा लीं, लेकिन मानसिक शांति खो दी है। आज के समाज को संग्रह की नहीं बल्कि संस्कार की आवश्यकता है। यदि हमारी सोच और आचरण में पवित्रता होगी, तभी एक स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।कार्यक्रम में रजत मुनि ने जीवन दर्शन समझाते हुए कहा कि हमारी सोच ही हमारे नजरिए को जन्म देती है। यदि सोच सकारात्मक और श्रेष्ठ होगी, तो संसार को देखने का नजरिया स्वत: ही कल्याणकारी बन जाएगा। प्रवचनों के उपरांत महासाध्वी ने अपनी मधुर वाणी से भावपूर्ण भजनों की वर्षा की, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया जब रुद्रपुर की माटी के सपूत और नवदीक्षित संभव मुनि ने अपने गृह नगर में प्रथम बार प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि यह उनका परम सौभाग्य है कि वर्ष 2018 में गुरुदेव का मंगलमय चातुर्मास रुद्रपुर में हुआ था, जिसने उनके भीतर वैराग्य की अलख जगाई और आज गुरुदेवों की शिक्षा व दीक्षा के प्रताप से ही वह संयम पथ पर अग्रसर हैं।गुरुदेव के स्वागत में स्थानीय भक्तों ने सुंदर भजन और प्रस्तुतियां दीं। इस आध्यात्मिक महोत्सव में केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि दिल्ली, बिलासपुर, हल्द्वानी, पलिया, खीरी, राजाखेड़ी पानीपत, सितारगंज और बाजपुर से भी भारी संख्या में गुरुभक्त दर्शन और अमृतमयी वाणी का लाभ लेने हेतु उपस्थित हुए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरुदेव का आशीर्वाद प्राप्त किया।



# 'मत जाओ पिया, होली आय रही' के रंग में सराबोर हुआ सितारगंज

सितारगंज। अबीर-गुलाल और फागुन के रंगों से सराबोर सितारगंज में रविवार को होली मिलन समारोह उत्साह में समर्थक, क्षेत्रवासी और विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि शामिल हुए। पूरा वातावरण "मत जाओ पिया, की धुन पर कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। मंत्री सौरभ बहुगुणा ने भी समर्थकों के साथ आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है, जो समाज को एक सूत्र में पिरोने का संदेश देता है।पूर्व मुख्यमंत्री प्रतिनिधियों ने पारंपरिक परिधानों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने फाग और लोकगीतों की मनमोहक मौजूद रहे। जनपद ऊधमसिंह नगर और नैनीताल से आए लोगों ने भी कार्यक्रम में भाग लेकर होली का उत्सव साझा






और उमंग के साथ मनाया गया। प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री एवं सितारगंज विधायक सौरभ बहुगुणा के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या होली आय रही "जैसे पारंपरिक होली गीतों से गूंज उठा। सुबह से ही मंत्री आवास पर लोगों का पहुंचना शुरू हो गया था। ढोल-नगाड़ों और फाग गीतों अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि होली का पर्व विजय बहुगुणा और सुलेखा बहुगुणा ने भी उपस्थित लोगों को होली की बधाई दी। इस अवसर पर पर्वतीय समाज, थारू समाज सहित विभिन्न संगठनों के प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।समारोह में नगर पालिका अध्यक्ष, भाजपा पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, सामाजिक कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग भी किया।कार्यक्रम के अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया। रंग, गुलाल और उत्साह के बीच सितारगंज की फिजा पूरी तरह होलीमय नजर आई।

# रंगारंग कार्यक्रमों संग मना लायंस क्लब का होली समारोह

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी के तत्वावधान में होली मिलन समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में लायंस क्लब अध्यक्ष डॉ प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, सचिव निशुल् अग्रवाल मुकेश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष राखी अग्रवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। लकी ड्रॉ के विजेताओं में शिव कुमार अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, राखी अग्रवाल, विजय श्रीवास्तव, निशुल् अग्रवाल को लायंस अध्यक्ष डॉ प्रमोद गोल्डी एवं फर्स्ट लाइन लेडी अनीता अग्रवाल ने बारी बारी से पुरस्कृत किया। इसके पश्चात अंक कार्ड प्रतियोगिता के 24 विजेता पुरुष महिला एवं बच्चों को मुकेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, संजय गर्ग राकेश कुमार वर्मा, विजय कुमार शर्मा ने पुरस्कृत किया।कार्यक्रम में बच्चों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रही। जिसमें विजेता बच्चों आरुष गुप्ता प्रथम



, क्रियांस गुप्ता द्वितीय, एवं अक्षत अगरवाल तृतीय को गोल्ड मेडल एवं पुरस्कार प्रदान किए गए। होली हंगामा, होली टाइटल अवार्ड का संचालन अंशील वर्मा एवं डॉ प्रमोद अग्रवाल द्वारा किया गया। सामूहिक होली मिलन कार्यक्रम के अंतर्गत लगभग तीन दर्जन लायंस महिला एवं पुरुष साथियों को बहुत ही आकर्षक एवं हंसी मजाक वाले टाइटल प्रदान कर उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी पुरुष एवं महिला सदस्यों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की अग्रिम शुभकामनाएं दी और सभी लायंस साथियों ने संयुक्त रूप से डांस का आनंद लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विजय श्रीवास्तव ,ज्योतिष राजीव श्रीवास्तव प्रेक्षाअभिनव बिश्नोई, कनक अग्रवाल, सिद्धार्थ अग्रवाल, रचना अग्रवाल, बिना वर्मा, सुमन जैन, विनीता शर्मा, रेणुका गर्ग, अजय कृष्ण गोयल, पंकज अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, सिंपी, अशोक जैन, साधना जैन, विशेष गुप्ता, संदीप अग्रवाल ,राजू भोसले,सुनीता, रेनू, उषा का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद अग्रवाल ने किया। लायंस क्लब अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी ने बताया मार्च के अंतिम सप्ताह में लायन साथियों के साथ अयोध्या भगवान श्री राम के मंदिर के दर्शन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया है।

# विकास के प्रति सीएम धामी की प्रतिबद्धता प्रेरणा दायक: फरजाना

रुद्रपुर। राज्य अल्पसंख्यक आयोग की उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के खटीमा आवास पर शिष्टाचार भेंट कर उनका स्नेहिल मार्गदर्शन प्राप्त किया एवं विभिन्न विषयों पर चर्चा की। फरजाना बेगम ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री धामी का सरल व्यक्तित्व, दूरदर्शी नेतृत्व एवं उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास के प्रति उनकी प्रतिबद्धता अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कुशल नेतृत्व में उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। श्री धामी द्वारा लिए गए जन हितकारी



एवं विकासोन्मुखी निर्णय प्रदेश को नई ऊँचाइयों की ओर ले जा रहे हैं। युवाओं के सशक्तिकरण, रोजगार सृजन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आधारभूत संरचना के विकास के लिए उनके सतत प्रयास सराहनीय हैं। अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष फरजाना बेगम ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद सदैव हम सभी को प्रदेश एवं समाज की सेवा के लिए प्रेरित करता है। उनके नेतृत्व में उत्तराखंड एक सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर राज्य के रूप में निरंतर आगे बढ रहा है।

# आइकन नर्चरिंग स्कूल में फूलों और रंगों से खेली गई होली

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आइकन नर्चरिंग इनोसेंस विद्यालय में होली का पर्व बड़े ही हर्ष, उत्साह और रंगों की अनूठी छटा के साथ मनाया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय परिवार ने माताओं को आमंत्रित कर कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। पूरे परिसर में रंग बिरंगी सजावट, फूलों और गुलाल की खुशबू ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलमय सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन से हुआ। इसके पश्चात नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुतियों से उपस्थित सभी माताओं का दिल जीत लिया। माताओं और बच्चों ने मिलकर पारंपरिक होली गीतों पर नृत्य किया, जिससे पूरा वातावरण प्रेम, सौहार्द और खुशियों से सराबोर हो गया।इस रंगारंग उत्सव में विभिन्न मनोरंजक खेल, समूह गतिविधियां, डांस, गायन प्रतियोगिता तथा होली से जुड़ी रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। माताओं ने पूरे उत्साह और जोश के साथ इनमें भाग लिया। रंगों के इस उत्सव में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर और फूलों से होली खेलकर प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित भी किया गया। स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजन और मिष्ठान का आनंद लेते हुए सभी ने इस पर्व को और भी खास बना दिया।विद्यालय के निदेशक तरुण ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास के साथ साथ परिवार और विद्यालय के बीच मजबूत संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सभी को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश भी दिया। अंत में सभी ने हर्षोल्लास के साथ इस रंगोत्सव का समापन किया और भविष्य में भी ऐसे ही मिल जुलकर उत्सव मनाने का संकल्प लिया।



# सांसारिक मोहमाया में इंसान भूला मूल उद्देश्य: संत सेवानंद

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। आदर्श कॉलोनी स्थित अनंत प्रेम आश्रम में रविवार को 31वां सत्संग सम्मेलन का समापन हुआ। रविवार सुबह अखंड रामायण पाठ के समापन के बाद संतों ने आश्रम में धर्मध्वजा स्थापित की। सत्संग सम्मेलन में अनेक संत महापुरुषों ने शामिल होकर उपस्थित श्रद्धालुओं का मार्ग दर्शन किया। सत्संग सम्मेलन में लुधियाना से पहुंचे संत प्रेम सेवानंद ने कहा कि इस भागमभाग और आधुनिक समय में इंसान मोह-माया में अपने मूल उद्देश्य को भूल चुका है। घर इंसान को अपने जीवन में सदैव सत्कर्म करते हुए दूसरों के सेवा में खुद को समर्पित कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि साधुओं की संगत और सत्संग ही मन की शुद्धि का मंत्र है। संत प्रेम ज्ञानानंद ने कहा कि परमात्मा से मिलने का रास्ता गुरु ही दिखाता है। संत प्रेम निष्ठानंद ने कहा कि गुरु की ओर से दिए गए गुरु मंत्र के सिमरन से ही मन की शुद्धि हो दौरान ती है।हरिद्वार से पहुंचे संत प्रेम सुखदेवानंद, प्रेम प्रवेशानंद, प्रेम आत्मानंद, प्रेम चेतनानंद और प्रेमसाधनानंद ने भी प्रवचन दिए। कार्यक्रम रमेश ग्रोवर, जसपाल अरोरा, खैराती लाल गगनेजा, मनदीप, करन अरोरा, गौरव गगनेजा, हरीश मेहंदीरत्ता, गुलशन बजाज आदि मौजूद थे।

# राज्य स्तरीय सीनियर मास्टर बैडमिंटन में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिला नैनीताल बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय सीनियर मास्टर बैडमिंटन प्रतियोगिता का खिताब खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन के साथ अपने अपने वर्गों में कब्जा किया। हल्द्वानी स्टेडियम बैडमिंटन हॉल में आयोजित इस प्रतियोगिता के सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबलों का शुभारंभ टी सी मंजूनाथ, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल एवं अनुराधा पाल, अपर सचिव आबकारी उत्तराखंड द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि दीपक रावत, आयुक्त कुमाऊं एवं सचिव मुख्यमंत्री का स्वागत बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष रितेश बिष्ट, सचिव नरेंद्र भुटियानी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी निर्मला पंत द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर किया गया।मुख्य अतिथि द्वारा विभिन्न




आयु वर्गों के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रतियोगिता के परिणामों में 35 पुरुष एकल में अमित शर्मा विजेता व लोकेश राठौर उपविजेता रहे। 35 महिला एकल में पूजा नेगी विजेता व स्वाति भोज उपविजेता रहीं। 35 प्लस डबल्स महिला में अनुराधा पाल व पूजा नेगी विजेता रही। 40 प्लस पुरुष एकल में अभिषेक अग्रवाल विजेता व अनुज भास्कर उपविजेता रहे। 40 प्लस महिला एकल में भावना रावत विजेता व विमला आर्य उपविजेता रही। 40 प्लस पुरुष डबल्स में पवन गुप्ता व मानस शाह विजेता रहे। 45 प्लस पुरुष डबल्स में दिवेश बिष्ट व दीपचंद पांडे विजेता रहे। 45 प्लस मिक्स डबल्स में दिवेश बिष्ट व कविता भगत विजेता रहे। 45 प्लस महिला एकल में कविता भगत विजेता रही। 50 प्लस महिला एकल में सोनम नेगी विजेता व श्रुति उपविजेता रही। 50 प्लस पुरुष एकल में चंदन पवार विजेता व महेश कंडवाल उपविजेता रहे। 55 प्लस महिला सिंगल में दिनेश खड़वाल विजेता व कमल डांग उपविजेता रही। 60 प्लस पुरुष सिंगल में नरेंद्र भुटियानी विजेता रहे। 65 प्लस पुरुष सिंगल में अश्वनी कुमार विजेता व किशोर कांडपाल उपविजेता रहे। 65 प्लस युगल पुरुष में के के कांडपाल व डी एस रावत विजेता रहे। 70 प्लस पुरुष सिंगल में टी एस दानू विजेता व विजय कुमार भटियाणी उपविजेता रहे। 70 प्लस महिला सिंगल में पुनीता विजेता व मधुनिशा उपविजेता रही। 70 प्लस मिक्स डबल्स में पुनीता नागपाल व एस एस पुनीत विजेता रहे। 70 प्लस पुरुष डबल्स में आर एस राणा व पुनीत विजेता रहे। 75 प्लस पुरुष सिंगल में सुनील कुमार विजेता व बी पी गुप्ता उपविजेता रहे। 75 प्लस पुरुष डबल्स में ए एस जोहार व सुनील कुमार विजेता रहे।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका उज्ज्वल, गोविंद परिहार, अमन नबियाल, गौरव नयाल, पियूष एवं हर्षित बिष्ट ने निभाई। आयोजन स्थल पर सुरेंद्र भुटियानी, अरविंद पांडे, भरत दास, दलजीत सिंह, पूरन बिष्ट, देवेश बिष्ट व खिलाड़ी व खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। टूर्नामेंट का संचालन पूर्व उपनिदेशक खेल सुरेश चंद पांडे द्वारा किया गया। आयोजक सचिव नरेंद्र भुटियानी ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं आयोजन समिति का आभार व्यक्त करते हुए प्रतियोगिता के सफल समापन की घोषणा की।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## खामेनेई की हत्या

पिछले कुछ समय से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जिस तरह के हालात बने हुए हैं, उसमें ऐसा लगता है कि कई मोर्चों पर प्रतिद्वंद्वी देशों के बीच विवादित मुद्दों को सुलझाने के लिए संवाद के बजाय संघर्ष को ही आखिरी हल मान लिया गया है। हैरानी की बात यह है कि युद्ध के खिलाफ शांति का पाठ पढ़ाने वाले कुछ ताकतवर देशों के नेताओं को भी अपने प्रभाव से संघर्ष को टालने के रास्ते तलाश करना प्राथमिक नहीं लगता। इसके उलट वे तनाव को सीधे टकराव में तब्दील करने वाले अभियानों में शामिल होना जरूरी समझने लगे हैं। बीते कुछ महीनों से इजराइल और अमेरिका ने ईरान के खिलाफ जिस तरह का माहौल बनाना शुरू किया था, उससे साफ था कि अगर विवाद के मूल बिंदुओं को केंद्र में रख कर अंतरराष्ट्रीय मंचों की मध्यस्थता में बिना देरी किए संबंधित पक्षों के बीच वार्ता की गुंजाइश नहीं निकाली गई, तो हालात को संभालना मुश्किल होगा।ऐसी स्थिति के बीच शनिवार को इजराइल और अमेरिका ने ईरान पर साझा हमला करके अपनी मंशा साफ कर दी। अपने हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत को इजराइल और अमेरिका बेशक अपनी कामयाबी मानें, लेकिन इसके बाद अब नए सिरे से क्षेत्रीय अस्थिरता का खतरा जिस पैमाने पर बढ़ गया है, वह किस दिशा की ओर बढ़ेगा, यह देखने की बात होगी। इसके अलावा, इजराइली हमले में ईरान के कई इलाकों में भारी नुकसान पहुंचा और सैकड़ों नागरिक मारे गए।जवाब के तौर पर ईरान ने भी अमेरिका और इजराइल के कई ठिकानों पर समान तीव्रता वाले हमले किए और कई जगहों पर व्यापक क्षति हुई। सवाल है कि इस युद्ध का उद्देश्य आखिर क्या है? अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि मकसद सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से आगे ईरान की सत्ता में बैठी व्यवस्था को हटाना है। यह समझना मुश्किल है कि अमेरिका एक ओर ईरान को परमाणु कार्यक्रम पर समझौते के लिए दबाव बनाता रहा है, तो अब वह अपना उद्देश्य मौजूदा ईरानी सत्ता को खत्म करना बता रहा है। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करने के लिए ओमान की मध्यस्थता में शांति वार्ता भी चल रही थी। हालांकि ईरान ने युद्ध से बचने की इच्छा जरूर जताई थी, लेकिन उसने यूरेनियम समृद्ध करने का अधिकार रखने की बात दोहराई। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले के बाद यह वार्ता फिलहाल बेमानी हो चुकी है। जिस दौर में विकास के नारे के साथ सभी देश बेहतर भविष्य का सफर तय करना चाहते हैं, उसमें संवाद के रास्ते बंद करके युद्ध का रास्ता अख्तियार करने का नतीजा आखिर क्या निकलेगा? रूस-यूक्रेन के बीच जारी युद्ध वैश्विक शांति के लिए पहले ही एक जटिल चुनौती है। हाल ही में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच भड़की खुली जंग ने भी एक नया मोर्चा खोल दिया। अब इजराइल और अमेरिका के साझा हमले और खासतौर पर खामेनेई की मौत के बाद ईरान की प्रतिक्रिया क्या होगी। इसके मद्देनजर भारत के लिए एक जरूरी कदम यह होना चाहिए कि युद्धग्रस्त इलाकों से अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने के प्रयास हों। आज दुनिया में युद्ध के कई मुहाने खुल गए हैं, अगर उसे रोका नहीं गया, तो फिर व्यापक जंग के त्रासद नतीजे सामने होंगे।




# गांजा तस्करी पकड़वाने की रंजिश को लेकर घरों पर ताबड़तोड़ फायरिंग, पुलिस जांच में जुटी

रामनगर (उद संवाददाता)। नैनीताल जिले के रामनगर स्थित पीरूमदरा चौकी क्षेत्र के थारी कंदला में रविवार सुबह हुई फायरिंग की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पीड़ित पक्ष ने गांजा पकड़वाने की रंजिश में पड़ोसी व उसके साथियों पर घरों में घुसकर गोलियां चलाने का आरोप लगाया है। पीरूमदरा चौकी अंतर्गत थारी कंदला क्षेत्र में सुबह करीब साढ़े नौ से दस बजे के बीच अचानक गोलियां चलने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम महज पांच मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गई और पूरे क्षेत्र का जायजा लिया। बाद में फॉरेंसिक टीम को भी बुलाकर घटनास्थल को कॉर्डन कर साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई की गई।पीड़ित गुरमीत सिंह ने बताया कि कुछ दिन पहले गांव के ही एक युवक को आठ नौ किलो गांजे के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया था, जो उनके पड़ोसी अर्जुन सिंह का रिश्तेदार है। तभी से अर्जुन सिंह उन्हें इस मामले में शक की नजर से देख रहा था और रंजिश रखे हुए था। गुरमीत के अनुसार अर्जुन सिंह बाहर से आने वाले कुछ युवकों के साथ मिलकर गांव में लोगों को धमकाता था और उसके ट्रैक्टर के



ड्राइवर पर भी अपने यहां काम करने का दबाव बना रहा था। गुरमीत सिंह ने बताया कि रविवार सुबह क्रेशर के पास अर्जुन सिंह ने उनके ड्राइवर के साथ अभद्रता की और उन्हें भी जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद वे अपने घर लौट आए। आरोप है कि थोड़ी देर बाद अर्जुन सिंह अपने चार पांच साथियों के साथ उनके घर पहुंचा और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी।अचानक हुई गोलीबारी से घर में मौजूद बच्चे और महिलाएं दहशत में आ गए और पड़ोसियों के घरों में छिपकर जान बचानी पड़ी। हमलावरों ने पास के एक अन्य घर पर भी फायरिंग की। गुरमीत सिंह की पड़ोसन सुखविंदर कौर ने भी उनके घर पर गोलियां चलने की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि छोटे छोटे बच्चों को कमरे में बंद कर किसी तरह जान बचाई। उनका आरोप है कि हमलावर गांजा बेचने का काम करते हैं और अपने रिश्तेदार की गिरफ्तारी के बाद से गांव के लोगों पर शक कर धमका रहे थे।मामले में सीओ सुमित पांडे ने बताया कि फायरिंग की सूचना मिलते ही पीरूमदरा चौकी, रामनगर कोतवाली पुलिस और वे स्वयं मौके पर पहुंचे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि कुछ दिन पहले गांजा तस्करी के मामले में हुई गिरफ्तारी को लेकर गलतफहमी और रंजिश के चलते आरोपियों ने डराने धमकाने के लिए फायरिंग की। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और एक युवक रोहित गुर्जर का नाम प्रकाश में आया है, जिस पर पहले से आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। उसकी आपराधिक हिस्ट्री खंगाली जा रही है और तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बना हुआ है और पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है।

# बैठक में गवर्नमेंट पेंशनर्स ने पारित किए कई प्रस्ताव

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन जनपद उधम सिंह नगर की बैठक नगर निगम सभागार में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता बीएल साह एवं संचालन एसके नैय्यर महासचिव ने किया। बैठक में जसपुर ,काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर ,किच्छा ,सितारगंज खटीमा के पेंशनर्स भाग लिया। एसके नैय्यर महासचिव ने अपने संबोधन में सरकार को चेताया कि उत्तराखंड में सीनियर सिटीजन की संख्या जनसंख्या का 11प्रतिशत है जो लगभग 13 लाख है सरकार पेंशनर्स की मांगों पर ध्यान ना देकर जातियों की प्रतिशत पर अपना ध्यान केंद्रित कर रही है। सीनियर सिटीजन ने भी इस समय कमर कस ली है कि यदि उनकी न्याय उचित मांगों पर सरकार के द्वारा शीघ्र निर्णय नहीं लिया जाएगा , तो उसका परिणाम उसको चुनाव में भुगतना पड़ेगा। बैठक में कई प्रस्ताव पारित कर उत्तराखंड सरकार भेजने का भी प्रस्ताव पारित किया गया। जिसमें राजकीय एवं निजी चिकित्सालय में ओपीडी एवं भर्ती की स्थिति में कैशलेस सुविधा उपलब्ध कराने, 18 माह फ्रीज डीए ऐरियर भुगतान करने, 80 वर्ष उम्र 20 प्रतिशत पेन्शन बढ़ोत्तरी की व्यवस्था बजाय 65 वर्ष पर 5 प्रतिशत ,70वर्ष पर 10 प्रतिशत, 75 वर्ष पर 15 प्रतिशत 80 वर्ष पर 20 प्रतिशत की व्यवस्था करने, राशिकरण की कटौती अन्य प्रदेश की भांति 15 से घटाकर 10 वर्ष 8 माह कर शासनादेश जारी करने, जनपद मे राजकीय व निजी चिकित्सालय पर निगरानी व गोल्डन कार्ड धारकों को इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है अथवा नहीं के लिए जिला अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करने, राजकीय पेंशनर्स को राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत समस्त पेंशनर्स का आहरण वितरण अधिकारी वरिष्ठ कोषाधिकारी /मुख्य कोषाधिकारी /कोषाधिकारी को नियुक्ति करने तथा उत्तर प्रदेश के शासनादेश की भांति 30 जून एवं 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त कर्मचारियों को एक वेतनबृद्धि देकर निर्गत शासनादेश का संशोधन करने के प्रस्ताव शामिल हैं।बैठक में सीएस रावत, पूरन चंद्र जोशी, पनवेश गुप्ता, लीलांबर जोशी, चन्द्र सिंह रावत , जमुना प्रसाद, भूपाल सिह, पीडी जोशी, पवन कुमार, मोहन सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह रावत, नवीन चंद्र पांडे, त्रिवेणी सहाय गंगवार, प्रभाकर तिवारी, सुरेन्द्र सिंह, बीएस चौहान,राम प्रसाद, राज कुमार त्यागी, विधा शर्मा, नेक चन्द, मोहन लाल, कृष्ण बीर सिंह, विजय पाल सिंह, आरके पवार, डीएस राठौर, वीके जोशी, डी बी सिंह, डा आर सी जैन, डीके आर्या, श्रीमती कलावती, जानकी पंत, आशा के सिह, श्रीमति जानकी पंत आदि उपस्थित थे।





# होलिका की अग्नि में जलाएं दुख और कष्ट, पाएँ नई उम्मीदों की शुरुआत

2026 की होली का पर्व सनातन परंपरा के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाएगा। वर्ष 2026 में होलिका दहन 3 मार्च 2026, मंगलवार की संध्या को किया जाएगा और रंगों वाली होली 4 मार्च 2026, बुधवार को पूरे भारत में उत्साह के साथ खेली जाएगी। होली का यह पर्व केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह बुराई पर अच्छाई की विजय, नकारात्मकता के दहन और नए आरंभ का प्रतीक है। यह दिन आध्यात्मिक दृष्टि से अत्यंत शक्तिशाली माना जाता है, इसलिए इस दिन किए गए पूजा-पाठ और धार्मिक आध्यात्मिक उपायों का विशेष महत्व होता है।फाल्गुन पूर्णिमा तिथि 3 मार्च 2026 को दोपहर लगभग 03:40 बजे से प्रारंभ होकर 4 मार्च 2026 को शाम लगभग 05:15 बजे तक रहेगी। होलिका दहन सदैव पूर्णिमा की रात्रि में और भद्रा काल समाप्त होने के बाद ही किया जाता है। वर्ष 2026 में भद्रा काल 2 मार्च 2026 को शाम को लगभग 05:55 बजे से प्रारंभ होकर 3 मार्च लगभग 05:28 बजे तक रहेगा। इसलिए भद्रा काल की समाप्ति के बाद ही होलिका दहन करना शुभ रहेगा। इस प्रकार होलिका दहन का श्रेष्ठ समय 3 मार्च 2026 की रात लगभग 09:00 बजे से 11:30 बजे के बीच रहेगा, जब प्रदोष काल भी प्रभावी रहेगा और भद्रा का दोष समाप्त हो चुका होगा। भद्रा काल में शुभ कार्य, विशेषकर अग्नि संबंधित कार्य वर्जित माने जाते हैं, इसलिए होलिका दहन भद्रा समाप्ति के बाद ही करना चाहिए। होलिका दहन की विधि अत्यंत सरल किंतु श्रद्धापूर्ण होनी चाहिए। संध्या समय स्नान कर स्वच्छ वस्त्र धारण करें। पूजा स्थल पर रोली, अक्षत, हल्दी, गुलाल, कच्चा सूत, नारियल, गुड़, चना, गेहूँ की बालियाँ आदि रखें। होलिका के चारों ओर कच्चा सूत लपेटकर परिक्रमा करें और परिवार की सुख-समृद्धि की प्रार्थना करें। अग्नि प्रज्वलित होने के बाद भगवान से प्रार्थना करें कि जीवन की समस्त नकारात्मक शक्तियाँ, रोग, शत्रु बाधाएँ और मानसिक तनाव इस अग्नि में भस्म हो जाएँ। होलिका की राख को अगले दिन घर लाकर तिलक करना शुभ माना जाता है, इससे सुरक्षा और सकारात्मक ऊर्जा मिलती है।रंगों वाली होली 4 मार्च 2026 को प्रातः सूर्योदय के बाद से दोपहर लगभग 03:00 बजे तक खेलना शुभ माना जाएगा। होली खेलने का कोई निश्चित सरकारी समय नहीं होता, परंपरा के अनुसार सुबह 8 बजे से दोपहर तक का समय उत्तम माना जाता है। इस दिन प्राकृतिक रंगों का उपयोग करना, बड़ों का आशीर्वाद लेना, मिठाई बाँटना और पुराने मतभेद भूलकर गले मिलना सबसे बड़ा आध्यात्मिक उपाय है। होली के दिन कुछ सामान्य धार्मिक आध्यात्मिक उपाय अत्यंत फलदायी माने जाते हैं। यदि आर्थिक समस्या चल रही हो तो होलिका दहन की अग्नि में एक सुपारी और सिक्का अर्पित कर अगले दिन उस राख को लाल कपड़े में बांधकर तिजोरी में रखें। यदि घर में कलह हो तो गोबर के उपले में गुड़ और लौंग रखकर अग्नि में समर्पित करें। नजर दोष से बचने के लिए सरसों, नमक और सूखी लाल मिर्च सात बार उतारकर अग्नि में डालें। संतान सुख और पारिवारिक शांति के लिए गेहूँ की बालियाँ भूनकर घर के सभी सदस्यों को खिलाना शुभ माना जाता है।

**शुभोधुती कुमार मंडल लेखक, पत्रकार**

## 12 राशियों के लिए होली पर खास उपाय -बदल सकती है किस्मत की दिशा

मेष राशि: होलिका दहन में लाल गुलाल और गुड़ अर्पित करें। जरूरतमंद को लाल वस्त्र दान करें। साहस, आत्मविश्वास और रुके हुए कार्यों में गति मिलेगी।
वृषभ राशि: घी का दीपक जलाकर शक्कर और चावल अग्नि में समर्पित करें। होली के दिन सफेद मिठाई का दान करें। धन स्थिरता और पारिवारिक सुख बढ़ेगा।
मिथुन राशि: हरे रंग का गुलाल चढ़ाएँ और मूंग दाल का दान करें। इससे बुद्धि, वाणी और व्यापार में सफलता मिलेगी।
कर्क राशि: चावल, दूध और गुड़ अर्पित करें। माता-पिता का आशीर्वाद अवश्य लें। इससे मानसिक शांति और पारिवारिक सामंजस्य मिलेगा।
सिंह राशि: केसर या हल्दी अग्नि में अर्पित करें। सूर्य को अर्घ्य दें। इससे पद-प्रतिष्ठा और नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी।
कन्या राशि: हरी सब्जी या मूंग का दान करें। तुलसी के पौधे में जल चढ़ाएँ। इससे स्वास्थ्य लाभ और बाधाओं में कमी आएगी।
तुला राशि: सुगंधित इत्र या गुलाब के फूल अर्पित करें। किसी कन्या को मिठाई दें। इससे वैवाहिक जीवन में मधुरता आएगी।
वृश्चिक राशि: लाल मसूर या तांबे का सिक्का अग्नि में समर्पित करें। इससे शत्रु बाधा और गुप्त तनाव दूर होंगे।
धनु राशि: हल्दी और चने की दाल का दान करें। गुरु मंत्र का जप करें। इससे भाग्य मजबूत होगा और शिक्षा-कार्यक्षेत्र में उन्नति मिलेगी।
मकर राशि: काले तिल और सरसों अग्नि में अर्पित करें। श्रमिक या गरीब व्यक्ति को भोजन कराएँ। इससे शनि संबंधित बाधाएँ कम होंगी।
कुंभ राशि: नीले फूल चढ़ाएँ और जल से भरा ताम्र पात्र दान करें। इससे मानसिक तनाव कम होगा और निर्णय क्षमता बढ़ेगी।
मीन राशि: पीले वस्त्र या केले का दान करें। 'ओम नमः शिवाय' का 108 बार जप करें। इससे आध्यात्मिक उन्नति और मानसिक संतुलन मिलेगा।

होली केवल रंगों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह आत्मशुद्धि का पर्व है। इस दिन किए गए उपाय व्यक्ति के मन, कर्म और भाग्य को सकारात्मक दिशा देते हैं। भद्रा समाप्ति के बाद किया गया होलिका दहन जीवन की बाधाओं को जलाने का प्रतीक है, और अगले दिन खेली गई होली नए जीवन, नई ऊर्जा और नए अवसरों का स्वागत है। यदि श्रद्धा, संयम और सकारात्मक सोच के साथ यह पर्व मनाया जाए, तो यह वर्ष भर के लिए सुख, समृद्धि और सौभाग्य का मार्ग खोल सकता है।



# जिले भर में 395 लोगों का किया सत्यापन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ऊधमसिंहनगर अजय गणपति के निर्देशानुसार संपूर्ण जनपद में बाहरी व्यक्तियों, किरायेदारों और संदिग्ध ों की जांच हेतु लगातार सघन सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 01 मार्च 2026 को जनपद के समस्त थानों एवं कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने व्यापक स्तर पर चेकिंग अभियान चलाकर कड़ी कार्रवाई की। इस विशेष अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने कुल 395 व्यक्तियों का सत्यापन किया और नियमों का उल्लंघन करने वाले मकान मालिकों व संदिग्धों के विरुद्ध पुलिस एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कुल 91 चालान किए। अभियान के तहत थानावार की गई कार्यवाही के विवरण के अनुसार कोतवाली जसपुर में 40 व्यक्तियों का सत्यापन कर धारा 81 के तहत 20 चालान किए गए। कुण्डा पुलिस ने 27 व्यक्तियों का सत्यापन किया और धारा 83 के अंतर्गत एक चालानी रिपोर्ट प्रेषित की। बाजपुर में 19, केलाखेड़ा में 7 और दिनेशपुर में 11 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। गदरपुर पुलिस ने 28 व्यक्तियों के सत्यापन के साथ धारा 81 के तहत 4 चालान किए। पंतनगर में 13 व्यक्तियों का सत्यापन कर 2 चालान और ट्रांजिट कैम्प में 16 व्यक्तियों के सत्यापन के साथ ध ारा 183 के तहत 10 चालानी कार्रवाई की गई। रुद्रपुर में 10 व्यक्तियों का सत्यापन कर धारा 81 व 83 के अंतर्गत 2 चालान किए गए।वहीं किच्छा में 20 व्यक्तियों का सत्यापन कर धारा 81 के तहत 8 चालान, पुलभट्टा में 5 व्यक्तियों का सत्यापन, सितारगंज में 45 व्यक्तियों का सत्यापन कर धारा 81 के तहत 15 चालान और नानकमत्ता में 5 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। खटीमा में पुलिस ने सर्वाधिक 147 व्यक्तियों का सत्यापन किया और धारा 81 व 83 के तहत कुल 16 चालान किए। झनकईया में भी 2 व्यक्तियों का सत्यापन किया गया। जनपद पुलिस ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि सुरक्षा की दृष्टि से अपने किरायेदारों और बाहरी कामगारों का पुलिस सत्यापन अनिवार्य रूप से करवाएं ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।



# होलिका दहन होगा रात्रि 8:30 बजे



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। होली पर्व से पूर्व आज रात्रि 8:30 बजे सिंधी चौराहा पर स्थित रामलीला कमेटी स्थल पर विधि विधान से पूजा अर्चना के साथ होलिका दहन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पंडित गोपाल दत्त भट्ट शास्त्री ने बताया कि आज होलिका दहन स्थल पर श्रद्धालुओं द्वारा गन्ना, गेहूं की बाली, घी, गुड़, हल्दी, चावल, अबीर गुलाल, गुलड़िया, गुजिया, कलवा, लकड़ी, फल, फूल इत्यादि पूजा सामग्री के साथ पूजा अर्चना की जा रही है। उन्होंने बताया कि मुख्य पूजा सायं 7:15 बजे से प्रारम्भ होगी। पंडित गोपाल दत्त भट्ट शास्त्री जी ने बताया कि रंगों का पर्व होली आगामी 4 मार्च को मनाया जाएगा। उन्होंने सभी से यह पर्व केवल अबीर गुलाल के साथ शांति पूर्ण आपसी सौहार्द से मनाने की अपील की।

# महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सहित नवनियुक्त पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

किच्छा (उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजीव सक्सेना के निवास पर जिला पदाधिकारियों का स्वागत समारोह और होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष नीता सक्सेना सहित नवनियुक्त पदाधि कारियों का जिले में पदभार ग्रहण करने पर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष स्वाति शर्मा, रजनी रावत, दया दसीला, महामंत्री प्रेमलता चौहान, प्रीति धीर, मंत्री संगीता शर्मा, मीडिया प्रभारी अर्चना राय, सोशल मीडिया प्रभारी कांति सक्सेना, सोशल मीडिया सह प्रभारी प्रीति रानी, जिला कार्यकारिणी सदस्य रेनू रानी, मीरा तिवारी, प्रतिभा रघुवंशी, अंजनी सोनी, ज्योति जडिया आदि लोगों को पदाधि कारी बनाए जाने पर सम्मानित किया गया।होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन अजय सागर द्वारा किया गया। इस अवसर पर आदरणीय अजय तिवारी, संदीप, विपिन जालोतरा, हरीश खंडवानी, श्रीकांत राठौर, अक्षय अरोड़ा, अभिषेक सक्सेना, डॉक्टर गुप्ता, शैली फुटेला, ज्योति गुप्ता, अनीता सक्सेना, अनीता पारुल सहित शहर की अनेक महिलाएं और भाई उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर जिला अध्यक्ष और जिले के पदाधिकारियों का स्वागत किया और होली मिलन के कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं और महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और अबीर गुलाल के साथ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद लिया।



# सैकड़ों परिवारों को वितरित की राशन किट

गदरपुर (उद संवाददाता)। ष्मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना... इस कहावत को गदरपुर के जाने-माने वरिष्ठ समाजसेवी लाल बादशाह ने एक बार फिर हकीकत में बदल कर दिखा दिया है। आगामी होली के त्यौहार और माहे-रमजान के पवित्र महीने को देखते हुए, उन्होंने इंसानियत की एक ऐसी मिसाल पेश की है जिसकी गूंज पूरे क्षेत्र में सुनाई दे रही है। लाल बादशाह द्वारा सैकड़ों की तादाद में जरूरतमंद परिवारों को राशन की किट वितरित की गई, ताकि किसी भी गरीब का घर त्यौहार की खुशियों से वंचित न रहे। इन राशन किट्स में रसोई का हर जरूरी सामान जैसे आटा, चावल, चीनी, सरसों का तेल, बेसन, कचरी, गरम मसाला, छोले, काला उड़द, हल्दी, मिर्च, धनिया और विभिन्न प्रकार की दालें शामिल थीं। जब ये किट लोगों के हाथों में पहुंची, तो उनके चेहरे खिल उठे और आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। राशन लेने आए बुजुर्गों और महिलाओं के मुंह से लाल बादशाह के लिए बस दुआएं ही निकल रही थीं। उनका कहना था कि ऊपर वाला ऐसे नेक इंसान को और तरक्की दे, ताकि गरीबों का सहारा यूं ही बना रहे। लाल बादशाह की सबसे खास बात यह है कि उनके दिल में जात-पात या ऊंच-नीच के लिए कोई जगह नहीं है। वे केवल जरूरत और मददकी भाषा समझते हैं। चाहे किसी गरीब बेटी की शादी हो या कोई बीमार व्यक्ति, महज एक फोन कॉल पर वे मदद के लिए तत्पर रहते हैं। लाल बादशाह ने एक बड़ा संदेश देते हुए साफ कहा मेरा राजनीति में आने का कोई उद्देश्य नहीं है। यह निस्वार्थ सेवा का सिलसिला यूं ही चलता रहेगा। मैं रहूं या न रहूं, मेरे बच्चे भी इस परंपरा को जारी रखेंगे। आज के दौर में जहां लोग छोटी सी मदद के बदले बड़े प्रचार की उम्मीद रखते हैं, वहीं लाल बादशाह का यह जज्बा समाज के लिए एक प्रेरणा है।



## पेज एक का शेष...

**पुलिस टीम पर हमले के ...**वांछित अभियुक्त नदीम उर्फ नजीम उर्फ नाजिम पुत्र कल्लू निवासी सुभाष कॉलोनी, रुद्रपुर बिना नम्बर प्लेट की मोटरसाइकिल से सिडकुल की ओर से हल्द्वानी जा रहा है। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस टीम द्वारा पारले चौक, निर्माणाधीन फ्लाई ओवर के पास घेराबंदी कर सघन चेकिंग शुरू की गई। इसी बीच बागवाला/ बिन्दुखेड़ा बाईपास की ओर से आती एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को पुलिस ने रोकने का प्रयास किया। वाहन चालक द्वारा भागने का प्रयास करते हुए मोटर साइकिल मोड़ी गई, जिससे वह अनियंत्रित होकर गिर गया। गिरने के पश्चात अभियुक्त ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षा एवं जनसुरक्षा के दृष्टिगत संयमित एवं नियंत्रित जवाबी कार्रवाई की गई। जवाबी कार्रवाई के दौरान अभियुक्त के पैर में गोली लगी। तत्पश्चात पुलिस बल द्वारा सावधानीपूर्वक घेराबंदी कर अभियुक्त को घायल अवस्था में गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी लेने पर अभियुक्त के कब्जे से एक अदद अवैध तमंचा 315 बोर, दो अदद खोखा कारतूस, दो अदद जिंदा कारतूस और 4100 रुपये नगद बरामद हुए। घटनास्थल से बिना नम्बर प्लेट की नीले रंग की मोटरसाइकिल और लाल रंग का हेलमेट भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त नदीम उर्फ नजीम उर्फ नाजिम पूर्व में कोतवाली रुद्रपुर में पंजीकृत एनडीपीएस एक्ट व पुलिस पर हमले के मामले में वांछित चल रहा था। पूछताछ में अभियुक्त ने स्वीकार किया कि वह मादक पदार्थों की तस्करी में संलिप्त है तथा पूर्व में पुलिस टीम पर हमला कर फरार चल रहा था। अभियुक्त के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। घायल अभियुक्त को तत्काल प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराते हुए जिला चिकित्सालय रुद्रपुर में भर्ती कराया गया है, जहां वह पुलिस अभिरक्षा में उपचाराधीन है। इस सफल कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एएनटीएफ प्रभारी निरीक्षक राजेश पाण्डेय, एसओजी प्रभारी उ0नि0 उमेश कुमार, अनिल जोशी, अमित कुमार, कानि0 विनोद खत्री और दिनेश चन्द्र शामिल थे।

**किसानों का फूटा गुस्सा...**किसानो की मक्का को प्राथमिकता के आध ार पर समय से खरीदा जायेगा जिससे किसान की फसल में नमी के कारण फफूंदी ना आये। साइलेज वाली मक्का की खरीद आँचल डेयरी के द्वारा गत वर्षों से ज्यादा क्षेत्रफल से खरीद कर आचार वाली मक्का बोने वाले किसानो को ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुँचाया जायेगा। छोटे किसानो को डेयरी स्थापित करने में मद्द की जायेगी। क्योकि उनको बैंको द्वारा ऋण देने में रूचि नहीं होती। फार्म मशीनरी बैंको में साईलेज मेंकिग मशीनो को शामिल कर अधिक से अधि क समूहो या व्यक्तिगत लोगो को मशीने देकर किसानो की साइलेज वाली मक्का का उचित मूल्य दिलाना परन्तु धान तो प्रतिवधित कर दिया लेकिन किसानो की उक्त मांगो को पूरा नहीं किया गया जिससे मौसमी धान भी किसानो को 1600 रूपये प्रति कुन्तल से 2000 प्रति कुन्तल में बेचना पड़ा जिससे किसानो को 600 रूपये प्रति कुन्तल के लगभग आर्थिक हानि हुई इसी प्रकार ग्रीष्म कालीन मक्का में भी आर्थिक हानि हुई। इसलिए प्रतिबन्ध पर पुन: विचार करना एवं समीक्षा करना अति आवश्यक है। जिसके लिय पूर्व में अपर जिलाधिकारी को जनवरी माह के अन्त में ज्ञापन भी दिया गया था जिसका कोई प्रति उत्तर सम्बन्धित द्वारा नही दिया गया। एडीएम ने कहा कि इस मामले को लेकर एक कमेटी बनाई जायेगी जिसमें किसानों को भी शामिल किया जायेगा।

**मंदिर गेट के सामने ....**लोग मौके पर जुट गए और देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गई। हालात बिगड़ने पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात करनी पड़ी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज जारी कर बताया है कि कुत्ता कहीं से मांस वहां पर लाया था। मांस का सैंपल जांच के लिए भेजा जा रहा है। घटना की सूचना पर कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह धुन, उप निरीक्षक जगदीश महल, पुलभट्टा इंचार्ज प्रदीप मिश्रा सहित आसपास की पुलिस को हनुमान मंदिर के पास बुला लिया गया। क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी ने भी मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए हंगामा कर रहे हिंदूवादी संगठनों से धैर्य बनाए रखने की अपील की, जिस पर तमाम लोग सहमत हो गए, किंतु कुछ लोगों द्वारा असहमति व्यक्त कर दी गई। सीसीटीवी फुटेज में वास्तविकता की जानकारी होने पर तमाम हिंदूवादी संगठन मंदिर प्रांगण की साफ सफाई कर वापस चले गए, किंतु कुछ लोगों द्वारा नाराजगी व्यक्त करने पर क्षेत्राधि कारी भूपेंद्र सिंह द्वारा सख्ती से पेश आने की तथा कानूनी कार्रवाई करने की हिदायत देने के बाद नाराजगी व्यक्त कर रहे लोग भी घटनास्थल से चले गए। क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी ने बताया कि घटना की जानकारी होते ही समस्त पुलिस बल मौके पर पहुंच गया तथा मांस के टुकड़ों को हटाया गया और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात कर दिया गया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी फुटेज सामने आने पर पाया गया कि एक कुत्ता कहीं से चलकर मंदिर गेट के सामने आया तथा वहां उल्टी करने लगा, जिसमें उसने खाया हुआ मांस उल्टी कर दिया, जो कि सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गया। क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह ने आम जनता से अपील की है कि किसी भी घटना की सत्यता को जाने बगैर उत्तेजना न फैलाएं तथा धैर्य रखें। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के द्वारा सत्यता सामने आने पर भी हंगामा करने का प्रयास किया गया है, उन लोगों पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी तथा माहौल खराब करने पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन सभी लोगों को चिन्हित किया जा रहा है जो सत्यता आने के बाद भी हंगामा कर रहे थे, उन्हें नोटिस जारी किया जाएगा। किच्छा में पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए इलाके में फ्लैग मार्च किया और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

**सर्विस सेंटर और...**कि कुछ लड़के दुकान का ताला तोड़ रहे हैं। जब आरिफ वहां पहुंचा तो उसने देखा कि 7-8 अज्ञात लड़के पत्थरबाजी कर रहे थे और सचिन उन्हें गाड़ियों के शीशे तोड़ने के लिए उकसा रहा था। अब्दुल मजीद का आरोप है कि जब उनके बेटों आरिफ और आसिफ ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए उन पर ईंट-पत्थरों, बीयर की बोतलों, सरियों और तलवारों से हमला कर दिया। इस हमले में आरिफ और आसिफ गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सुशीला तिवारी अस्पताल हल्द्वानी के लिए रेफर किया, लेकिन वर्तमान में दोनों का उपचार रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुकदमा पंजीकृत कर लिया है और मामले की विस्तृत छानबीन की जा रही है।

**डंपर से कुचलकर...**वाहनों के कारण इससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन प्रशासन कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहा है। सीओ रायपुर रीना राठौड़ ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से जानकारी एकत्रित कर डंपर को कब्जे में ले लिया गया है और चालक को हिरासत में लिया गया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेजकर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय किसान यूनियन की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

गदरपुर (उद संवाददाता)। भारतीय किसान यूनियन की ब्लॉक स्तरीय मासिक बैठक नवीन अनाज मंडी में वरिष्ठ किसान हरभजन सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में किसानों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। विद्युत बिलों में ट्यूबवेल व घरों पर लगाए जा रहे अतिरिक्त शुल्क को तुरंत बंद करने और सभी वर्गों की भूमि पर काबिज किसानों से नजराना लेकर भूमिधरी अधिकार दिए जाने के प्रस्ताव पारित किए गए। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़, अशोक सेठी,



भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मक्कड़ ने सभी किसानों, मजदूरों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को होली पर्व की शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान पेश किए गए प्रस्तावों में प्रमुख रूप से उन भूमि स्वामी किसानों को धान लगाने की अनुमति दिए जाने की मांग की गई, जिनके खेत दलदली या नीचे हैं। इसके साथ ही ग्राम सभा की भूमि पर बने घरों के स्वामियों को खतौनी (भू स्वामित्व अधिकार) दिए जाने का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में बिजली विभाग द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का कड़ा विरोध करने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त, आवारा पशुओं के लिए गौशाला भवन का निर्माण जल्द कराने, करनैल सिंह, वीरेंद्र सिंह, गुरमीत सिंह, सरदार सिंह, बलवंत सिंह, गुरणवीत सिंह, सुखदेव सिंह, सुरेश कुमार, प्रीत सिंह, जगबीर सिंह, मो. उस्मान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम सुरेश कुमार (SURESH KUMAR) से बदलकर सुरेश घई (SURESH GHAI) रख लिया है। भविष्य में मुझे सुरेश घई (SURESH GHAI) के नाम से जाना व पहचाना जाएगा।

सुरेश घई पुत्र श्री जगदीश लाल,
निवासी- एच.नं-बी-32, आदर्श कालोनी,
रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर (उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक- परमपाल सुखीजा

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# फूलों की होली व होली गीतों ने मचाया धमाल

## अग्रवाल महिला समिति के होली मिलन समारोह में मूर्खाधिराज महिला को पहनाई सब्जियों की माला,तंबोला तथा अंत्याक्षरी कार्यक्रम आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। अग्रवाल महिला समिति द्वारा श्री अग्रवाल सभा भवन में रविवार की सायं होली मिलन समारोह होली गीतों व सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित फूलों की होली के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाएं होली के गीतों के संग गुलाल लगाकर जहां खूब थिरकीं तो वहीं एक महिला ऊषा अग्रवाल को विभिन्न सब्जियों से सजी मालाएं पहनाई गई और मूर्खाधिराज के ताज से नवाजा भी गया।समारोह में विभिन्न प्रकार के गेम्स खिलाए गए जिसमें महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भागीदारी की। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि श्रीमति रूबी सिंघल, अति विशिष्ट अतिथि श्रीमति अंजू बंसल व कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमति दीपा गोयल के साथ अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल, महामंत्री प्रिया गर्ग आदि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। प्रारम्भ में गणेश वंदना के पश्चात ढोल के साथ होली के गीतों पर महिलाएं जमकर थिरकीं। शुभम सक्सेना एवं उनकी टीम ने फूलों की होली के साथ ऐसा रंग बिखेरा जिसमें रंगकर उपस्थित सभी महिलाओं व गणमान्य अतिथियों ने जमकर नृत्य किया। मूर्खाधीराज विजेता महिला ऊषा अग्रवाल के सिर पर कद्दू का ताज रखकर हाथों में लौकी और तलवार सुशोभित की गई। सब्जियों की माला, भिंडी के कुंडल पहनाये गए और गुजिया खिलाई गई। गणेश वंदना व होली गीतों के साथ शालिनी गोयल तथा अरुणा बंसल द्वारा नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित सैकड़ों महिलाओं का मन मोह लिया। सभी महिलाएं तालियां बजाती हुई थिरकने लगी। इस दौरान सारा वातावरण तालियों की गड़गड़ाहट से गुंजायमान हो उठा। यह प्रस्तुति होली मिलन कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम के दौरान पांच राउंड रंगीली अंताक्षरी धमाल का आयोजन किया गया जिसमें दीप्ति अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, रीना गोयल व अंजलि अग्रवाल विजेता घोषित की गई जिसको समिति द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं तंबोला कार्यक्रम में पूछे गए प्रश्नों का सही उत्तर देने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अतिरिक्त होली टाइटल के विजेताओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। अग्रवाल महिला समिति की अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल ने कहा कि आपसी भेदभाव को भुलाकर होली एक ऐसा पर्व है जो कि प्यार और आपसी सौहार्द का सन्देश देता है। उन्होंने कहा कि अग्रवाल महिला समिति हर वर्ष महिलाओं के लिए तीज, करवाचौथ, रक्षाबंधन, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस आदि मौकों पर कार्यक्रम आयोजित करती रहती है। जिसका उद्देश्य महिलाओं को एक स्थान पर आमंत्रित कर उन्हें स्वस्थ मनोरंजन देने के साथ ही उन्हें पर्वों को एक साथ मिलकर मनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने सभी बहनों को होली पर्व की बधाई देते हुए आपसी सौहार्द के साथ मनाने का आग्रह किया। महामंत्री प्रिया गर्ग ने समारोह में आई सभी महिला आगंतुकों व गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अग्रवाल महिला समिति समय समय पर सामाजिक कार्यों का भी आयोजन करती रहती है। कार्यक्रम का संचालन समिति अध्यक्ष सुषमा अग्रवाल व महामंत्री प्रिया गर्ग ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान दुर्गा गर्ग, कांता अग्रवाल, लक्ष्मी अग्रवाल, राजकुमारी तुलसियान, सलोनी अग्रवाल, नीलम, अनुराधा जैन, कुसुम जैन, शशि बंसल, कमला अग्रवाल, सुमन मित्तल, बबीता मित्तल, नीतू रुंगटा, सोनल बंसल, शिल्पी बंसल, ज्योति गोयल, रीना गोयल, सौम्या अग्रवाल, सपना मित्तल, शालू अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, राधा, पूजा अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल, अनीता अग्रवाल, दीप्ति अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, अरुण जैन, रचना जैन, प्रियंका मित्तल, इशिता मित्तल, मोनिका बंसल, शिवानी बंसल, श्रुति अग्रवाल, पुष्पा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, उमा गर्ग, कान्ता अग्रवाल, पारुल अग्रवाल, बबीता मित्तल, पूनम बिंदल, अक्ष अग्रवाल, आशा खंडेलवाल, नीतू गोयल, रश्मि जिंदल, गीता श्यामपुरिया, ताराचंद्र अग्रवाल, विजय अग्रवाल, अर्जुन गुप्ता, अमित जैन लोहिया , रणवीर गुप्ता श्रीओम अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल आदि गणमान्य अतिथि मौजूद थे।





# जरूरतमंद बच्चों के संग मनाई प्रेम और रंगों भरी होली

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। सेवा कार्यों में सक्रिय सेवा क्रांति वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा होली के पावन पर्व पर जरूरतमंद एवं गरीब बच्चों के साथ प्रेमपूर्वक होली उत्सव मनाया गया। इस दौरान बच्चों को गुलाल लगाकर उनके साथ होली खेली गई तथा रंग, मिठाई, चिप्स, बिस्कुट और वस्त्र वितरित कर खुशियां बांटी गईं।संस्था के अध्यक्ष रामवीर यादव एवं कोषाध्यक्ष अलका अरोड़ा ने बताया कि ट्रस्ट समय–समय पर जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए सेवा कार्य करता रहता है और आगे भी यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज के सहयोग से ऐसे कार्यक्रम जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाने का माध्यम बनते हैं।कार्यक्रम में सचिन खुराना, सार्थक शर्मा, अंकित, राहुल, प्रीति, राजू, ललित तथा राजेश भैया सहित ट्रस्ट की टीम के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।संस्था ने सभी समाजसेवियों से अपील की कि जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए आगे आकर सहयोग प्रदान करें।



# पंतनगर में महिलाओं की बैठकी होली की धूम

पंतनगर। विश्वविद्यालय के परिसर स्थित झा कालोनी में प्रगति पंत के आवास पर महिलाओं की बैठकी होली की धूम रही। होली की शुरूआत गणेश वंदना "सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन, होली खेले गिरजापति नंदन....... से हुई। इसके बाद महिलाओं होल्यारों ने "शिव के मन माहि बसे काशी.....आधी काशी में बामन बनिया, "रंग में होली कैसे खेलूंगी मैं सांवरिया के संग, अबीर उड़ता गुलाल उड़ता, उड़ते सातों रंग, " जल कैसे भरूं जमुना गहरी, ठाढ़ी भरू राजा राम जी देखे, "अजब–गजब होली खेले हमारे भोले बाबा, ढ़ोलक बाजे मंजीरा बाजे, डमरू को लेके नाचे हमारे भोले खेलें", हरि सिर धरै मुकुट खेले होरी, कहां से आयो कुंवर कन्हैया आदि होली के गीतों पर महिलाओं ने खूब नृत्य किया। इस अवसर पर प्रगति पंत, किरन पाण्डे, मंजू मेहरा, विमला बड़ोला, दीपा उप्रेती, शशि शर्मा, दीपा बोरा, आशा जोशी, गीता पाण्डे, शशि रौतेला, गंगा नागरकोटी, अंगूरी चौहान, रितु मिश्रा, चन्द्रा तिवारी, रामेश्वरी जोशी, व मीनाक्षी शर्मा आदि मौजूद रहे।



# पैदल निशान यात्रा पूरी कर लौटे राकेश शर्मा का जोरदार स्वागत

रुद्रपुर । शहर से पैदल निशान लेकर खाटू श्याम जी के दरबार तक जाने वाले श्याम प्रेमी राकेश शर्मा के वापस रुद्रपुर लौटने पर श्रद्धालुओं ने उनका जयकारों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं ने उन पर अबीर–गुलाल उड़ाया और फूलों की वर्षा कर यात्रा की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया। स दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने भी श्याम प्रेमी राकेश शर्मा का भव्य स्वागत किया। उन्हें माला पहनाकर सम्मानित करते हुए ठुकराल ने सकुशल यात्रा पूरी करने पर उन्हें बधाई दी और उनकी अटूट आस्था की सराहना की। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने अपने वक्तव्य में कहा कि राकेश शर्मा जी की यह पैदल निशान यात्रा अटूट आस्था और समर्पण का प्रतीक है। इतनी लंबी दूरी पैदल तय करना आसान नहीं है, लेकिन बाबा श्याम के प्रति उनकी भक्ति ने उन्हें यह शक्ति प्रदान की। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने कुशलतापूर्वक अपनी यात्रा संपन्न की और शहर का नाम रोशन किया। राकेश शर्मा ने इस स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि बाबा श्याम की कृपा से ही यह कठिन यात्रा सुगम हो सकी और उन्हें भक्तों का इतना प्यार व आशीर्वाद मिला। स्वागत करने वालों में विनीत जैन, विकास जैन, संजय ठुकराल, प्रियांशु, राजेश गर्ग, सुरेन्द्र गुप्ता, अनुज गंगवार, राम किशन शर्मा, हिमांशु पारिक, हिमांशु शर्मा, नरेन्द्र बंसल, मुकेश गोयल, रितिक गोयल, सुमन कालड़ा, प्रवीन गोयल, संजीव गुप्ता, प्रियांशु वर्मा, आकाश, नरेन्द्र रावत, आशीष गंभीर, सुरेन्द्र गंगवार, विमल सागर, दुर्गेश आदि समेत तमाम लोग मौजूद थे।



# महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति ने मनाया होली मिलन

## राधा कन्हैया की मनमोहक प्रस्तुति ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में बांधा समां

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति द्वारा होली पर्व के उपलक्ष्य में भव्य सांस्कृतिक एवं होली मिलन समारोह का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन समिति की उपाध्यक्ष राधा सुभाष ने अत्यंत सुसंगठित एवं प्रभावशाली ढंग से किया। उन्होंने उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं नागरिकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए प्रेम, सौहार्द एवं सामाजिक एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण राधा कन्हैया की मनमोहक प्रस्तुति रही, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय एवं आनंदमय बना दिया।समिति की अध्यक्ष डॉ. उषा नरेंद्र जैन ने अपने संबोधन में कहा कि हमें अपने मन से अहंकार, राग द्वेष और बैर भाव को दूर कर देना चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए एक दूसरे को क्षमा करना, स्वयं भी क्षमा मांगना तथा सभी शिकवे गिले समाप्त करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि समाज की उन्नति तभी संभव है जब हम एक दूसरे की खुशियों में सहभागी बनें और एक दूसरे को आगे बढ़ाने का कार्य करें। प्रेम, क्षमा और सहयोग ही सशक्त समाज की आधारशिला हैं।इस अवसर पर समिति की मीडिया प्रभारी कविता रावत सहित ममता नेगी, सुमन तिवारी, लीलावती अधिकारी, सीता सुनील चौरसिया, दुर्गावती यादव, सुनीता सैनी, पुष्पा नेगी, अनीता देवी, नीरमति देवी, रेनू सक्सेना, प्रतिमा मंडल, पिंकी अधिकारी, निर्मला, सरोज, माया राणा, नरेंद्र सेठी जैन, मनोज सिंह, डीके, संदीप कुमार, राजकुमार तथा सैकड़ों लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ कलाकारों का उत्साहवर्धन किया और इस प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।



